"We help your Business to Grow"

Registered with the Registrar of News Paper for India Under No. 38126/81
Postal Registration No. Jaipur City/211/2018-2020

Online Edition



Now read your favorite magazine wherever you go.... Available on PC...Mac....Tablet...or any other handheld device!

For Details Contact +91-9414076426

NEXT GEN PUBLISHING

जहां जाइयेगा, हमें पाइयेगा

# परिवहन सम्पदा

**40 वर्षों से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में देश की एक मात्र अग्रणी पत्रिका**

Register at www.parivahansampda.com and access a Whole New World of Automobile Trade

Year : 40 / Issue : 02 / 30th April, 2020 (Fortnightly) / Price 20/- / Yearly 400/- / 3 Yearly 1000/- / 5 Yearly 1500/- / Life 3000/- / Page-50

**No. 1 Brand**

Serving the country since **80 years**

GS INTERNATIONAL

**UNVEILING THE UNBEATABLE RANGE**

**Committed To**


- CUSTOMER SATISFACTION
- BEST PRODUCT PERFORMANCE
- ADVANCE TECHNOLOGY
- BEST INDUSTRY PRACTICES

**TRUST THE LEADER**



Tested With Highest Standard O.E.M. First Choice Long Lasting ★ GENUINE PARTS

*Our Other Exclusive Range*



Precision Automotive components for Commercial, HCVs, LCVs, SUVs, Agriculture, Construction vehicles

**GS AUTO INTERNATIONAL LTD.**

**GURMUKH SINGH INTERNATIONAL LLP.**

**Manufactured & Marketed By:**
G.S. Estate, G.T. Road, Ludhiana 141010 (INDIA)
Tel.: 91-161-2511001, Fax: +91-161-2510885
E-mail:mkt@gsgroupindia.com
Website: www.gsgroupindia.com


# Advertiser's Index


| Company Name | Page No. |
|---|---|
| **A** | |
| Allied Gears India, Delhi | 46 |
| Amrit Auto Ancillaries And Company, Delhi | 49 |
| Amrit Tools & Agriculture, Agra | 45 |
| Am-Tech Industries, Rajkot | 25 |
| ARC Industries, New Delhi | 11 |
| Auto Craft India, Ludhiana | 48 |
| Auto Pins India Ltd., Faridabad | 13 |
| Autoson International, Jalandhar | 33 |
| AVS Brake Linings Pvt., New Delhi | 36 |
| **B** | |
| Bright Motor Industries, New Delhi | 40 |
| **C** | |
| Chandna Trading Company, Delhi | 50 |
| Chera Engineering, Faridabad | 21 |
| Commercial Syndicate, Delhi | 31 |
| **D** | |
| DRI Alwayz Frictions, Noida | 29 |
| **E** | |
| Emmbros Autocomp Ltd., Baddi | 09 |
| **G** | |
| G.S. Auto Industries Pvt. Ltd.,Jalandhar | 14 |
| Gajra Gears Pvt. Ltd., Dewas | 05 |
| Great India Machine Tools,Ludhiana | 17 |
| GS Auto International Limited, Ludhiana | 01 |
| **K** | |
| Krishna Engg. Works, Ludhiana | 47 |
| **L** | |
| Leen Auto Products, Ludhiana | 44 |
| **M** | |
| Maaksl Incandesce Equipments, Faridabad | 33 |
| Milan Motor & Tractor Parts, Jaipur | 08 |
| Milan Motor & Tractor Parts,Jaipur | 27 |
| **N** | |
| Narang Fluid Transmission, New Delhi | 41 |
| **O** | |
| Otoleum Petrochem, Jaipur | 15 |
| **P** | |
| Puran Auto Sales, Jaipur | 10 |
| **R** | |
| RMP Bearings Limited, Ahmedabad | 23 |
| Royal Auto Industries (Regd.), Ludhiana | 45 |
| Royal Auto Industries (Regd.), Ludhiana | 47 |
| **S** | |
| S. K. Industries, Gwalior | 12 |
| Sirocco Pressings Pvt. Ltd.,Faridabad | 19 |
| Solar Components, Delhi | 38 |
| Super Products (Regd), Delhi | 04 |
| Sushila Udyog, Loni | 42 |
| **V** | |
| Veracity Automotives Pvt. Ltd., Ludhiana | 07 |


## Areawise Booking Center




***RAJASTHAN***
Mr. Akshay Jain
**C/o Documents Point**
225/A-3, Ashok Nagar,
Road No. 13, Udaipur-313 001
Phone: (0294) 2424050, 2424051
(M) 09414168317, 9887068317
Email : docu_point@rediffmail.com



***BIHAR/JHARKHAND/WEST BENGAL***
**Mr. Shambhu Kumar**
Mobile : 09934234304
Email : shambhukumarkhg55@gmail.com



**Mr. Rakesh Kumar**
Mobile : 09199137188



**Mr. Subash Kumar**
Mobile : 09934454065



***JHARKHAND***
Mr. Kishan Kumar
**M/s Neha Tractor**
Near Bank of Baroda
Rathur Road, Ranchi-834001
Ph. 09708640300, 09835196655



***CHATTISGARH***
Mr. Govind Aggarwal
**M/s Bearing Centre**
21, Lal Ganga Mansion, Patwa
Complex, M. G. Road, Raipur (C.G.)
Phone: 0771-2224947, 4031917
Mobile: 9425502117, 9827161747
Email : bcraipur@gmail.com



***GUJARAT***
Mr. Prakesh Ravel
**C/o Sagar Advertising & News Services**
16, Silver Coin, Opp. Ghugri Park
80 ft. Road, Surendra Nagar-363 002
Ph.: (02752) 224570 (M): 09825224217
E-mail : sagarads54@yahoo.in



**The views and opinions expressed in the articles printed in this journal do not necessarily represent that of the Editorial Board.**

# अन्दर के पृष्ठों पर.....

## Areawise Booking Center




***DELHI***
Mr. Anand Sachdeva
**M/s Sachdeva Agencies**
779/17, Dr. Sircar Building,
Nichlson Road
Kashmere Gate, Delhi-110006
Ph.: (011) 23936570 (M) 09311158940
E-mail: sachdevaagencies@gmail.com





***UTTARANCHAL***
Mr. Manmohan Kishan Gupta
**M/s Friends Auto Spears**
Tyagi Road, Dehradun-248001
Mobile : 09897129306





***UTTAR PRADESH***
Mr. K. C. Nigotiya
**M/s Nigotiya Auto Spares**
96-S, Gurunanak Market
Gadarian Purwa, Kanpur - 208012
Mobile :09838200249
Email :nigotiyakanpur@yahoo.co.in





***MADHYA PRADESH***
Mr. Santosh Parashar
**M/s Techno Prograssive Traders**
89, 4th Floor, Dawa Bazar
13-14, R.N.T. Marg, Indore-452001
Phone : 0731-4045621, 2705551
Mobile : 09827289231





***HARYANA***
Mr. Sushil Aggarwal
**M/s Super Automobiles**
26-29, New Auto Market
Bhiwani-127021
Mobile : 09416338273
E-mail: super_automobiles@rediffmail.com





***MAHARASHTRA (VIDHARBHA)***
Mr. Sanjay Zumberlalji Chhangani
**M/s Chhangani Traders**
Chhangani Complex,
Jaffergi Gin Compound
Behind Old Cotton Market
Amravati- 444601 (MH.)
(M): 7212573675, 9422190355

Required Area wise Contact
For Subscription Booking
For Advertisement Booking
For Trade News Coverage
In Punjab, Odisha, Jammu & Kashmir
Andra Pradesh, Tamilnadhu & Kerla
Contact # 9414076426




| | |
|---|---|
| कोरोना : संकट में अवसर | 06 |
| कोरोना : डर के आगे जीत है बस खुद को रोकिए मत | 10 |
| सभी सम्मानित साथी एवं सदस्य ध्यान दें | 12 |
| व्यापारीगण ध्यान दें | 14 |
| कोरोना का तनाव नहीं लेना हैं | 16 |
| कोरोना : भारत के लिये नये अवसर | 18 |
| लॉकडाउन : नए हथियारों से ही जीत सकेंगे यह जंग | 20 |
| राजस्थान के इनिशिएटिव्स को प्रधानमंत्री ने सराहा, मुख्यमंत्री श्री गहलोत – ने व्यक्त किया धन्यवाद | 22 |
| व्यापारी ध्यान दें.... | 24 |
| फोर्टी द्वारा राजस्थान सरकार से चालू किये गये औद्योगिक कारखानों में कार्यरत श्रमिकों को नहीं भेजने की अपील | 26 |
| आरटीओ प्रशासन का साफ इनकार, बीएस 4 श्रेणी के वाहनों का 30 अप्रैल के बाद रजिस्ट्रेशन नहीं | 26 |
| भविष्य में होने वाली शादियों के निमंत्राण पत्र पर नियम-शर्तें कुछ इस प्रकार लिखी होगी | 26 |
| वर्चुअल मीटिंग्स के दौरान टीम से कैसे हो संवाद ? | 28 |
| फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्रीज : Covid-19 के चलते बिजली बिलों से सम्बन्धित आ रही समस्याओं के समाधान के लिये आवश्यक सुझाव | 28 |
| नुकसान की फ्रिक से ज्यादा जान की फ्रिक जरूरी | 28 |
| वर्क फ्रॉम होम के लिए 10 एप, चैट से लेकर 100 लोगों की ऑनलाइन मीटिंग तक की सुविधा | 30 |
| आवाजाही आसान नहीं हुई तो रोक देंगे काम | 32 |
| राजस्थान में फसे श्रमिकों को घर भेजने के लिए जारी दिशानिर्देश | 34 |
| जरूरी सामान की आपूर्ति में लगी गाड़िया टोल टैक्स से मुक्त हो | 34 |
| कोरोना को पहचानना | 35 |
| लॉकडाउन में तनाव को निराशा में न बदलने दें, अपनी दिनचर्या, बुरी आदत और सोच बदलें, फिर देखें-जिंदगी का नया रंग | 37 |
| ई-पोर्टल पर आवेदन कर ली जा सकेगी राज्य से बाहर जाने और आने की अनुमति | 37 |
| सावधानियां ही संक्रमण से बचाएंगी | 39 |
| कोरोना वायरस के कारण बदल गया है स्मार्टफोन की सफाई का तरीका | 41 |
| क्या है कोरोना वायरस ? | 43 |
| लक्षण नजर आने से पहले ही फैल चुका होता है कोरोना वायरस | 44 |
| पपाचचारू और साथ में सैमापारू | 45 |
| कोरोना वायरस बनाम विश्व अर्थव्यवस्था | 46 |
| 3 दिन में आएगा आरोग्य इंबेडेड रिस्ट बैंड, बॉडी टेंपरेचर, मूवमेंट की ट्रैकिंग-मॉनीटरिंग करेगा | 47 |
| सतर्कता से ही सुरक्षा है... | 48 |

MATADOR GENUINE SPARES
ESTD. 1968 FOR EXCELLENT SERVICE

- U.J. CROSSES
- STEERING & SUSPENSION PARTS
- STEERING CROSS ASSEMBLIES
- RUBBER PARTS
- CENTER BEARINGS ASSEMBLIES
- WATER PUMP ASSEMBLIES
- BRAKE PADS

MATADOR
GENUINE SPARES
www.matador.net.in
AN ISO 9001:2015 Company



For Business Enquiry Contact Pankaj Handa (P.R.M) 9810218021


No.1 in
Transmission
Gears
GAJRA GEARS
Leading in Differential Range Too
★ Wide Range
★ High Quality
★ Affordable Price
★ Best Availability
Enquiries are Solicited For The Distributors in Various States
GAJRA GEARS PVT. LTD.
Works :
Station Road, Dewas-455 001 (M.P.) India
+91 7272 427500 Direct No. 427421
+91 9109166137 rstiwari@gajra.com
Regd. Office :
Elve Chambers, Green Street, Fort
Mumbai-400 023 (India)
+91 22 22662088, 22662742
gajra.com

परिवहन सम्पदा

40 वर्षों से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में देश की एक मात्र अग्रणी पत्रिका

जहां जाइयेगा, हमें पाइयेगा

Year : 40 | 30th April, 2020 (Fortnightly) | Issue : 02

Regd. Office :
FF-20, Priha Plaza, Opp Punjab National Bank,
Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan)
Ph.: 0141-2642679, 4012679
E-mail: parivahan@airtelmail.in
Web Site : www.parivahansampda.com
www.facebook.com\parivahansampda1981
@parivahansampda
9414076426





Editor
Avnish Jain
# 9414076426, 8209138320
avnish@parivahansampda.com
@avnishjain1971



Co-Editor
Shalu Jain
# 8426044999, 8005612683
shalu@parivahansampda.com



News Editor
Narendra Ghalaut
# 8426044997, 7665466116
narendra@parivahansampda.com



Makeup & Managed By
Shyam Saini
# 8426044998, 9799102032
shyam@parivahansampda.com



Area Sales Manager
Sanjay Gurnani
# 7568555805
sanjaygurnani76@gmail.com



Auditors : L. C. Lodha & Company
82/127, Nilgiri Marg, Mansarover,
Jaipur-302020
Phone : 0141-2785356, 94140-71655

Edited, Published and Owned by Avnish Jain and Printed at Vee Aar Printers 354/355, Bandri Ka Nasik, Thakur Ram Singh ki Gali, Subhash Chowk, Jaipur-302003 and Published at FF-20, Priha Plaza, Opp. Punjab National Bank, Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Raj.) Editor Avnish Jain




**EDITOR CORNER**

# कोरोना : संकट में अवसर

**कभी–कभी संकट भी अवसर में बदल जाता है। कोरोना महामारी के दस दौर में भारत के लिए कुछ ऐसा ही दिख रहा है। विकास की नई उम्मीदें दिख रही हैं**

संकट के इस दौर में सुकून देने वाली एक खबर यह है कि चीन छोड़कर भारत में मैन्युफैक्चरिंग इकाई लगाने की इच्छुक लगभग 1000 कंपनियों ने भारत सरकार से सम्पर्क साधा है। इनमें कम से कम 300 कंपनियां मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल, डिवाइसेज, टेक्सटाइल्स और सिंथेटिक फैब्रिक्स के क्षेत्र में भारत में फैक्ट्रियां लगाने के लिए सरकार से सक्रिय संवाद में हैं। अगर बातचीत सफल होती है तो कोरोना संकट से तबाह दिख रही हमारी अर्थव्यवस्था में एक नई जान आएगी।

जब चीन में कोरोना के असर के चलते विदेशी कंपनियों का कामकाज ठप पड़ा था, तब कई विशेषज्ञों ने यह बात कही थी कि भारत के लिए एक बड़ा अवसर पैदा होने जा रहा है। पिछले दिनों विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस ओर इशारा करते हुए कहा था कि राज्य अगर रिफॉर्म करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो इस संकट को हम बहुत बड़े अवसर में बदल सकते हैं।



दरअसल आज की तारीख में जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया की बहुत सारी कंपनियां भारत को वैकल्पिक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में देखती हैं। इनमें पहले दो मुल्कों के पास जमीन की जबकि तीसरे के पास मैनपावर की काफी कमी है। भारत उन्हें मैन्युफैक्चरिंग के लिए पर्याप्त जमीन, प्रशिक्षित मैनपावर और अच्छा–खासा बाजार उपलब्ध करा सकता है। इन विदेशी कंपनियों के रुख को भांपकर भारत सरकार ने कोरोना संकट से उबरने के बाद इस अभियान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग और वित्त मंत्रालय के साथ तमाम देशों में मौजूद भारत के दूतावास भी गंभीरता से लगे हुए हैं। देश में मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले साल सितम्बर में कॉर्पोरेट टैक्स को घटाकर 25.17 फीसदी कर दिया था, जबकि नई फैक्ट्रियां लगाने वालों के लिए इसको घटाकर 17 फीसदी पर ला दिया था, जो दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों से कम है। इसके अलावा कुछ और बातें भी भारत के हक में जाती हैं। उसमें सबसे प्रमुख है सस्ते प्रशिक्षित श्रम की उपलब्धता। श्रम की लागत भारत में बांग्लादेश आदि की तुलना में काफी बढ़ी है, फिर भी यह चीन से नीचे है।

हमारे देश में पैंतीस साल से कम उम्र की सबसे बड़ी जनसंख्या है और साइंस–इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स की बहुत बड़ी तादाद हमारे पास है। कुल मिलाकर सस्ता श्रम, बड़ा टैलेंट पूल और स्किल्ड मैनपावर की उपलब्धता भारत को बाकी देशों की तुलना में काफी सस्ता और आकर्षक बना देती है। दुनिया में सबसे अधिक अंग्रेजी बोलने वाले भी भारत में ही है, जिसकी कमी चीन में एक बड़ी समस्या है। आज की तारीख में सबसे खास बात यह कि भारत ने कोरोना से लड़ाई में सबके प्रति सहयोगपूर्ण रवैया अपना कर पूरी दुनिया का भरोसा जीता है, जबकि चीन की स्थिति संदिग्ध हो गई है। पोस्ट–कोरोना दौर में हमें इसका भी लाभ मिल सकता है।




*Born for excellence...*

Genuine Spares

GSVA

Veracity Automotives



Product Range

Al. Bz. Spring Bushes | Bell Crank Bushes | King Pin Bushes | Spring Pin | Bell Crank Pins
King Pins | Trailer Pins | Spring U-Bolts | Centre Bolts | Jack Rods | H-Shackle | Wheel Spanners
Bell Crank Leaver (Casting & Steel) | Leaf Springs | Eye Bolts | Hub Bolts & Nuts | Washers
& Other Chassis Parts

O.E.M. QUALITY PRODUCTS FOR ALL COMMERCIAL VEHICLES

Manufactured & Marketed by

VERACITY AUTOMOTIVES PVT. LTD.

Phone : 91-98729-92315, 96469-53994, 95014-76699 Email : veracityautomotives@gmail.com

Regd. Office : 18, Maya Nagar, Civil Lines, Ludhiana – 1410 01 (Punjab)

Works : St. No. 3, Bhai Himmat Singh Nagar, Dugri, Ludhiana-141 002 (Punjab)

Areawise Distributors Enquires are Solicited


Also Available All type of Trailer Suspensions Parts
Milan Motor & Tractor Parts
Godown No. 15-B. Near Water Tank, Transport Nagar, Jaipur-302003 (Raj.)
0141-2640073, 4010073 +91-9414371791
milanjaipur94@gmail.com
Authorised Distriburor/Dealer
FIRST INDIAN OEM SPRING COMPANY
SIROCCO
LEAF & PARABOLIC SPRINGS
• U-BOLT • SHACKLE & SPRING PINS
MERITOR
AXLE AND BRAKE PARTS EXPERTS
ST SUPER TIGHT
AUTO PARTS
BSM
Leaf Springs
LSPL
U-Bolts & Kamani Clips
AUTO KOMET PARTS
All Type Steel Bush
bsi PRODUCTS
AUTO PARTS
AMRIT
Amrit Auto Ancillaries And Company
Bushes
SAINCO
Bronze Bushes
JMP
Hanger & Shackle
UAW
AUTO PARTS
Largest Customer Network In Rajasthan
Specialist In All Type & Complete Range of Kamani Parts


CELEBRATING
25
Years
EMM POWER
TM
Rear Axle Shaft, U.J. Cross
& Wheel Spanner
दमदार
ताकत मजबूती बेमिसाल
निभाये साथ
आपका
सालों साल
EAL
Engineering products to perfection
UL
REGISTERED FIRM
ISO/TS 16949:2009
PRODUCTS BY EMMBROS AUTOCOMP LTD.
Rear Axle Shafts / Automotive Shafts • Rolled Splines • Front Axles
• Universal Joints with & without Needles • Pinion Yokes • Differential Housings / Cases
• Bolts / Bushes • Spools • Spindles • Bevel Gears / Pinion Gears • Precision Machined Parts
OUR PRESTIGIOUS OEM CUSTOMERS
CARRARO
DANA
MERITOR
TATA
JCB
AAM
VE COMMERCIAL VEHICLES
A VOLVO GROUP AND EICHER MOTORS JOINT VENTURE
DEALERSHIP ENQUIRIES SOLICITED - CALL +91 99157 95777
EMMBROS AUTOCOMP LTD.
Corporate Office & Works :
Village Bhud, Nalagarh Road, Baddi, Distt. Solan -173205 (Himachal Pradesh)
Tel. +91-7807880990-92 | E-mail : info@emmpower.in
Works Registered Office : Village - Katha, Baddi, Distt. Solan. 173205 (HP) India.
Tel.: +91-780772004-05-06 | www.emmbros.com | www.emmpower.in

# कोरोना:

# डर के आगे जीत है बस खुद को रोकिए मत

## लॉकडाउन के बाद जिंदगी में बदलावों पर रोशनी

कोरोना से दुनिया थम सी गई है। संक्रमण के डर से सोशल डिस्टेंसिंग की आदत डालनी पड़ रही है। लॉकडाउन से घर कैदखाने बन गये। अनहोनी से हर कोई बेचैन हैं.... आशंकित है। यदा-कदा काम आने वाले मास्क-दस्ताने ओर सेनेटाइजर जिंदगी का अहम हिस्सा बन गये हैं। कोरोना की भयावहता ने जिंदगी में नीरसता पैदा कर दी है। नया करने की उमंग से हर कोई दूर है.... फ्यूचर प्लानिंग भी बंद सी है। आखिर क्यों सब कुछ रुक सा गया है? जिंदगी क्यों बंद मुट्ठी में रेत सी फिसलती दिख रही है? उम्मीद गुम हो गई या फिर हताश उस पर हावी है? ऐसा कुछ घर-घर में घर कर रहा है।

यह कुछ दिन का है या और चलेगा..... इस पर तमाम आशंकाओं के बादल मंडरा रहे हैं। घर में सुकून नहीं मिलता। सुकून और नींद के बीच कोरोना का खौफ है। हालांकि इसका दूसरा पहलू है..... सड़कों पर सन्नाटे के बीच घरों में सिमटी हसरतों में जान फूंकने का वक्त है। संकट बड़ा तो है पर हौसले को नहीं हरा सकता। विपदा पहले भी आई, जिंदगी बेमानी सी लगने लगे यह ठीक नहीं है। दरअसल लॉकडाउन एक चाबी है जो हमारे जीवन में बंद पड़े तालों को खोल सकती है। बस हमें इसके लिए तैयार होना है, बेकार की सोच से उठकर कल को बेहतर बनाने की तैयारी करनी होगी। मन के हारे हार है.... मन के जीते जीत.... यही सूत्र वाक्य है। पुराने किस्से/यादों को भी बांटे तो नए प्लान भी तैयार करें। अधूरे काम पूरे करने के साथ नई शुरुआत का भी दामन थामें। बहुत सा साधारण ओर रोचक लगने वाला बहुत कुछ करने का समय है।


Lockdown मे भारत के विकास में सहयोगी बने

**सभी ग्राहक, व्यापारी ध्यान दे**

आपका एक कदम भारत को मंदी की मार से बचाएगा

आप सभी अपने
रिटेलर्स, होलसेलर, टेडर्स को PAYMENT करें,

आपके PAYMENT से सबका काम चालु हो सकेगा,
आपका PAYMENT सही समय पर नहीं आएगा तो
आपको माल मिलना मुश्किल हो जाएगा

PAYMENT को जमा करके नहीं रखें PAYMENT जितना धुमेगा,
तभी समाज का विकास संभव है

Please Payment
RTGS/ NEFT


मसलन खुद को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज और योग करें। लाइफ स्टाइल में जरूरी बदलाव की रिहर्सल करें। गाना बजाने या फिर पढ़ने-लिखने का शौक पूरा करें। भविष्य की बात हो, अपने मित्रों-रिश्तेदारों से फोन पर तो घर पर अपने परिवार-बच्चों के साथ। बुजुर्गों से उनके किस्से सुनें और अपने किस्सों से उन्हें ताजगी दे सकते हैं। टारगेट तय कर लें कि मुझे इतने दिन में कहानी-कविता अथवा आर्टिकल लिखने हैं। अपने हुनर की बागवानी भी कर सकते हैं। तो पुराने गिले-शिकवे की वजह ढूंढकर दूर करें। आने वाले समय में क्या करना है, इसकी रूपरेखा बनाकर तैयारी शुरू करें। ऑन लाइन की उपयोगिता इस संकट में सबको समझ में आ गई। ऐसे हालात में सबकुछ बंद होने के बाद भी बहुत कुछ काम/काज इस सिस्टम की देन है। यह भी यही है कि हालात सुधरने में वक्त लगेगा। ऐसे में बहुत कुछ ऑन लाइन पर ही निर्भर रहेगा। पढ़ाई हो या शॉपिंग। कोरोना का संक्रमण तो कुछ समय में खत्म हो जाएगा पर फिर न कहना कि समय नहीं मिलता। समय के सदुपयोग का मौका है, जीवन को नये संचार/उत्साह से खिलखिलाना है। खुद की खामियां ढूंढकर दूर करनी है तो दूसरों की अच्छाई को अपनाने की जिद पूरा करना है। तनाव में खुद को डालने का समय नहीं है, परिवार कहीं तनाव में न आ जाए, उसे संभालने के लिए खुद को नई रफ्तार में जीने का सलीका अपनाने का तकाजा है। कोशिश के बाद मिलने वाली जीत आपका इंतजार कर रही है,

**इसके लिए खुद को रोकिए मत।**
**चलते रहिए लक्ष्य के पीछे बिना घबराए,**
**कोरोना का रोना छोडकर।**


Comprehensive Range of Radiators & Engine Cooling System For Commercial Vehicles




Authorised Distributor
JAI ENGINEERING COMPANY INDIA
J-21, Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan)
Sister Concern : PURAN AUTO SALES Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan) Mobile : 9414067506, 9414067508
For Any Trade Enquiries Contact Gaurav Gupta # 9461900138 E-mail to guptagaurav003@gmail.com

# BRONZE BUSHES




## ARC INDUSTRIES

Plant : **Khasra No. 21//1/1/2/2, Village Nathupur, Sonipat-131029 (Haryana)**

www.arcautoindustries.com | sales@arcautoindustries.com | **+91-9555030609, 9899487898, 011-45013456**

# सभी सम्मानित साथी एवं सदस्य ध्यान दें:-

वैश्विक महामारी COVID-19 के कारण जूझ रहे उद्योगो में जो भ्रांतियाँ तथा समस्यायें व्याप्त थीं उनके निराकरण के लिये कानपुर चैप्टर चेयरमेन श्री आलोक अग्रवाल की ओर ये किये गये प्रयासों की कड़ी में श्री सुधीर महादेव बोबड़े (IAS) श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश, निदेशक कारखाना उत्तरप्रदेश एवं मंडलायुक्त, कानपुर के साथ एक Webinar मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें आई आई ए के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पंकज गुप्ता, राष्ट्रीय महासचिव श्री मनमोहन अग्रवाल के साथ 100 उधमियों ने विभिन्न शहरों से तथा कानपुर के वरिष्ठ साथी तरुण क्षेत्रपाल, सुनील वैश्य तथा बहुत से सम्मानित उद्यमियों ने प्रतिभाग किया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में आदरणीय श्रमायुक्त महोदय ने अपने उदबोधन में सिलसिलेवार सभी सवालों का जवाब दिया तथा शंकाओं का निवारण किया जो इस प्रकार है:-

1. किसी भी उद्यमी के विरुद्ध लॉकडाउन के समय की श्रमिकों एवं कर्मचारियों के वेतन से सम्बंधित कोई एफआईआर की कार्यवाही श्रमायुक्त महोदय की पूर्व अनुमति के बिना नहीं की जायेगी तथा श्रमायुक्त महोदय ने कहा कि वे किसी को एफआईआर की अनुमति देंगे ही नहीं।

2. ऐसे उद्योग जो आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति के लिये प्रशासनन की अनुमति से संचालित हो रहे हैं उन कारखानों में यदि श्रमिक




बुलाने के पश्चात भी नहीं आ रहे हैं, तो ऐसे श्रमिकों को अनुपस्थित माना जायेगा तथा कोई वेतन देय नहीं होगा।

3. ऐसे उद्योग जो लॉकडाउन के कारण बंद है, उनके मालिकों का मानवता के नाते दायित्व है कि वे अपने श्रमिकों को उनके परिवार के भरण पोषण के लायक मदद उपलब्ध करायें।

4. श्रमायुक्त महोदय ने आश्वस्त किया कि जिन व्यक्तियों को पास होने के पश्चात भी रोका जा रहा है उनके लिये उच्चाधिकारियों से सम्पर्क कर आवश्यक सूचना सभी पुलिस कर्मियों तक पहुंचा दी जायेगी जिसे किसी को भी असुविधाा नहीं होगी।

अंत में श्रमायुक्त महोदय ने आवहान किया कि यह विषम समय शीघ्र जाने वाला नहीं है, हमें अपने आपको इसके अनुसार ढालना होगा तथा आवश्यक व्यवस्थाएं करनी होंगी जिससे कम से कम जनहानि हो तथा देश को यथा सम्भव आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

ऐसे प्रयास आप सभी के सहयोग से संस्था द्वारा आगे भी जारी रहेंगे।

**संजय जैन (महामंत्री)**
आई आई ए
कानपुर चैप्टर




FIRST INDIAN OEM SPRING COMPANY
SIROCCO
TS : 16949:2009
LEAF & PARABOLIC SPRINGS
• U-BOLT • SHACKLE & SPRING PINS
Estd. 1953 | Capacity:36000 T / Annum | Decades of OEM Experience
Original Springs for Broken Roads
Introduced
Complete Suspension kit For Trailer with Leaf Spring Assy. of
90 x 16, 80 x 16 , 75 x 13 & 75 x 16
AUTO PINS (INDIA) LTD.
2776 Pyare Lal Motor Market, Kashmere Gate, Delhi-110006 011-23978748
0129-4155691, 4155692 +91-9899470570
autopins@vsnl.com | www.autopinsindia.com

# व्यापारीगण ध्यान दें......



किशन गोयल
(राँची)

आज हम में से बहुत से व्यापारीगण या उद्योगपति जो फैक्ट्री, कारखाने, दुकान, ऑफिस खोलने की ईच्छा रखते है या कहो जल्दबाजी में भी है.... उनको समझना चाहिए कि अभी तक एक भी डॉक्टर ने अपना प्राइवेट क्लीनिक या हॉस्पिटल खोलने की इच्छा सरकार को नहीं जताई है। देश में एक भी डॉक्टर ने पर्सनल क्लीनिक खोलने की अनुमति नहीं मांगी....। क्यों??? क्या इतनी सी बात आप लोग समझ नहीं पा रहे है? क्या होगा अगर आपने आज की आज फैक्ट्री शुरू कर दी या ऑफिस शुरू हो गया या दुकान खोल दी? इससे आपको घर से बाहर निकालने का मौका मिल जाएगा आपका टाइम पास का साधन हो जाएगा? क्योंकि बाजार में तो ना ग्राहक है ना स्टाफ है ना माल जाएगा ना पैसा आएगा और जो माल गया भी तो उसका तो भगवान मालिक है कि पैसा वापस कब आएगा....!! पर जैसे ही आपके फैक्ट्री, दुकान खुले आपकी क्रेडिटीबिल्टी देख कर आपके मांगने वाले आपको फोन कर देंगे। जब डॉक्टर को क्लीनिक खोलने की उतावला नहीं है उसको मालूम है क्लिनिक खोलने का मतलब खतरा मोल लेना। कोरोना बीमारी को आमंत्रण देना। तो क्या आप खुद से और अपने परिवार के जीवन से खेलना चाहते है? सरकार के ऊपर बहुत तरह का दबाव है। छोटे-छोटे दुकान की आजीविका का सवाल है, मजदूर की रोज की आजीविका और खाने का सवाल है। आपको भी समझना होगा कि खुद की जरूरतों के कारण  आप आज की आज फैक्ट्री, दुकान खोलने को उतावले हो रहे है। खतरा टला नहीं है और बढ़ता जा रहा है। अहमदाबाद मुनिसिपल कॉर्पोरेशन के कमिश्नर साहब की सुने और समझे तो उन्होंने आने वाले बड़े खतरे की तरफ आगाह  किया है। इसलिए सोचे समझे और अपने विवेक से निर्णय ले, क्योंकि

## कड़वा सख्त सत्य

सरकार एक निश्चित समय तक ही लॉकडाउन रख सकती है धीरे-धीरे लॉकडाउन खत्म हो जाएगा। सरकार भी इतनी सख्ती नहीं दिखाएगी क्योंकि **सरकार ने आपको कोरोना बीमारी के बारे में अवगत करा दिया है, सोशल डिस्टैंसिग, हैण्ड सेनिटाइजेशन इत्यादि सब समझा दिया है।**

बीमार होने के बाद की स्थिति भी आप लोग देश में देख ही रहे हैं। अब जो समझदार है वह आगे लंबे समय तक अपनी दिनचर्या, काम करने का तरीका समझ ले।

सरकार 24 घंटे 365 दिन आपकी चौकीदारी नहीं करेगी। आपके एवं आपके परिवार का भविष्य आपके हाथ में है।

लॉकडाउन खुलने के बाद सोच समझ कर घर से निकले एवं काम पर जाये व नीयत नियमानुसार ही आपना कार्य करें।

**जिंदगी आपकी फैसला आपका**




OTOLEUM™
Add more power to your engine
Introducing
Premium
Technology Lubricants
Now in India
Dealers/Distributors Enquiry Solicited For Unrepresentative Areas
Manufactured & Marketed By
OTOLEUM PETROCHAM
Shop No.27-28-29, Transport Nagar, Opp. Pali Ka Dhaba, Jaipur-302 003 (Rajasthan)
0141-4046503 8432524891 gandalasuhshil123@gmail.com
Add more power to your engine OTOLEUM™

# कोरोना का तनाव नहीं लेना है

इस वक्त पूरी दुनिया कोरोना वायरस की चिंता और तनाव में है। इसे लोगों में अवसाद बढ़ रहा है। लम्बे समय का यह तनाव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कमजोर करता है। दरअसल तनाव कोई आंतरिक मामला नहीं हैं, यह तो बाहरी खबर या हालात के प्रति आंतरिक प्रतिक्रिया है, जिसे आप अगर चाहें, तो नियंत्रित कर सकते हैं। हम घर के भीतर रहकर, अपनी सेहत का ध्यान रख रहे है, यानी अपने बस में जो है, वो कर रहे हैं। इससे आगे, 'क्या हुआ अगर....?' के बारे में सोचना हम छोड सकते है।

**कोरोना से जुड़ी खबरें जिस तरह से खुर्खियां बनती जा रही हैं, लोगों में तनाव बढ़ना स्वभाविक है। लेकिन किसी भी रोग की तरह, तनाव से दूरी भी स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।**

**चंद उपायों से तनावमुक्त रह सकते हैं..**

## तनाव है या नहीं ऐसे पहचानें

तनाव का स्तर स्थिति के अनुसार घटता-बढ़ता रहता है। चलिए, तनाव को 0 से 10 संख्या के बीच के स्तर पर रखते हैं। यदि आप संक्रमण की आशंका या वर्तमान की स्थिति से ज्यादा डरे हुए हैं और हर वक्त उसी के बारे में सोचकर चिंता करते रहते हैं, तो आपके तनाव का स्तर रेड जोन में जा सकता है। इस स्थिति में आपके अंदर नकारात्मक सोच बनती है, जिससे तनाव बढ़ता है। इससे पहले की आपका तनाव रेड जोन में आ जाये इसे किन्हीं लक्षणों से पहचान सकते हैं। अगर आपको अचानक सिर दर्द महसूस होने लगता है या अकारण अचानक दांत पीसने लगते हैं या फिर बैठे-बैठे पैर को ऊपर नीचे झुलाते है तो समझ लीजिए की यह उच्च स्तर का तनाव है। इसके अलावा मजबूर महसूस करना, दुखी रहना, अधिक गुस्सा, चिड़चिड़ापन, जल्दी नाराज होना, चुप होकर कोने में बैठना आदि भी लक्षण है।

### सम्भावना पर ध्यान दें

कोरोना के संदिग्ध, पॉजिटिव केस और मृतकों के आंकड़े हर घंटे बदल रहे है। इन्हें देखिए, पर केवल सूचना के लिए। आप घर पर है। अगर घर पर ही रहेंगे, सारे नियमों का पालन करेंगे, तो आप वायरस से बचे रहेंगे। आंकड़ों को देखकर किसी आशंका में न पड़ें। आपने कायदे माने हैं, तो आप के सुरक्षित रहने की पूरी सम्भावना है। यह सकारात्मक सोच है।

### 'असहाय' का सहाय बना लें

'हम कुछ कर नहीं सकते, बंधे हुए हैं घर के अंदर' मौजूदा हालात में ऐसा महसूस होना सामान्य है। लेकिन इस भाव से भी छुटकारा पा सकते हैं। हम जानते है कि कोरोना जैसे वायरस को फैलने से रोकने में हम अपनी भूमिका निभा रहे हैं। अब कुछ लोगों की मदद करके इस भूमिका को खास बना सकते हैं। अगर आपके क्षेत्र में अन्न वितरण हो रहा हो, कोई नेकनीयती से वंचितों की मदद करने का काम कर रहा हो, तो आप भी इससे जुड़कर सकारात्मक पहल कर सकते हैं। सुरक्षित फासले से, सुरक्षित रहते हुए मदद की जा सकती है।

### 'नकारात्मक' को अनफॉलो कर दें

लाख कोशिश करें, पर मोबाइल पर हाथ चलने ही लगता है। नई पोस्ट पर ध्यान जाता ही है, तो इसमें ज्यादा परेशानी की बात नहीं है। लेकिन आपने मन की सेहत आपका विकल्प नहीं हो सकती, इसलिए इसे वरीयता देते हुए यानी अहमियत देते हुए उन तमाम लोगों को अनफॉलो कर दें, जो केवल नकारात्मक वीडियो या संदेश भेजते हैं। उन संदेशों के लिए डिलीट की सुविधा है, जो आपको तनाव देते हों। इस समय सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें फैलाई जा रही है। इससे दूर रहने की जरूरत है। इसके अलावा कुछ लोग ऐसे भी है जो सोशल मीडिया पर ट्रेडिगं विषय के हैशटेग खोलकर काफी कुछ पढ़ते चले जाते हैं। इसी क्रम में वो कई अनावश्यक खबरें भी पढ़ लेते है, जिससे उन्हें गुस्सा आने के साथ घबराहट होने लगती हैं। इनसे दूरी बनाएं।

### तर्क से काम लें, भावुक होकर नहीं

'सामान की कमी हो रही हैं, कल को आटा न मिला तो, सब्जी नहीं मिलेगी, फल नहीं खा पायेंगे.....' इस तरह की निराधार सूचनाओं की कमी नहीं है। तर्क से काम लें। सरकार ने कहा है कि जरूरी चीज़ की कमी नहीं होगी, हो भी नहीं रही है, तो फिर कोरी भावुकता में क्यों पड़े? जरा सोचिए, गर्मियों का मौसम है और कोई ऐसा हो, जो स्वेटर पहने, टोपा लगाए घूम रहा हो और कहे कि उसे लगा कि कहीं ऐसा न हो कि सर्दियां आए ही ना, इसलिए स्वेटर पहने घूम रहा हूं तो आपको अटपटा लगेगा ना?

### 'क्या हो अगर.....' की बात करें

क्या हुआ अगर लॉकडाउन और बढ़ाया गया तो.....? क्या होगा अगर हमें किसी वजह से बाहर निकलना पड़ा तो....? क्या होगा काम का, वेतन का, कामगारों का....? हमारे पास इस समय नकारात्मक 'क्या होगा' की कोई कमी नहीं है। इस समय किसी भी तरह की कोई गतिविधि करना मुश्किल है, तो अगर आगे की कोई बात करनी ही है, तो सकारात्मक करें। हम ऑफिस जाएंगे, तो क्या नया करेंगे, कॉलेज के दोस्तो के बीच पहुंचकर या स्कूल जाकर कितनी राहत महसूस करेंगे... इन सबके बारे में सोचें, बात करें।

समय कठिन है, पूरी दुनिया विपत्ति से घिरी है, लेकिन सूर्य-चन्द्रमा, तारे-बादल, पंछी-फूल अपनी मौजूदगी से इस बात की याद दिला रहे है कि वक्त बदलेगा। जीवन में उतार-चढाव आते रहते है। यह समय भी बीत जाएगा।

## दिमाग को व्यस्त रखना जरूरी

**मन अच्छा महसूस करे, घर में बंद रहने की वजह से नाराजगी न पनपे, इसके लिए कुछ ऐसा करते रहे जिससे मन बहल जाए। कुछ छोटे-छोटे सुझाव है, जो दिमाग को व्यस्त ही नहीं चुस्त-दुरुस्त और तेज-तर्रार भी बनाएंगे-**

- रोज तीन से चार वाक्य उस हाथ से लिखें, जो आपके लिए आपका उल्टा हो।
- चंद कदम उल्टे चले यानी पीछे की तरफ। इस क्रिया को संभाल कर करें।
- खुद को एक खत लिखें। इसमें यादे हो सकती है, सपने हो सकते हैं या अनुभव।
- तरह-तरह की हेयर स्टाइल्स बनाएं। चूंकि बाहर जाना नहीं है, सो यह प्रयोग ही सही।
- अपने एक पैर पर संतुलन बनाते हुए खड़े हो। चंद सेकंड्स से शुरु करते हुए, इस क्रिया को पांच मिनट तक ले जाने की कोशिश करें।


Committed For Quality & Customer Satisfaction
An ISO 9001:2008 CERTIFIED Company
SINCE 1981
GMT ®
AUTO & TRACTOR SPARES
(ALLOY STEEL)
OE Equivalent Quality
Full Range of
Tata, Leyland, Jeep, Car & Tractors
Spring Shackle Pins
Center Bolts
Wheel Spanner
Wheel Bolts
Spare Nuts
Bolts
Studs
Washers
Pinion Nuts
Axle Check Nuts
In Business with 450 Dealers & Counting
Dealer Distributer Enquiry Invited for Unrepresented Area
Manufacturers & Exporters:
GREAT INDIA MACHINE TOOLS
Plot No. 71, Ganpati Estate, Village Tibba, Sahnewal-141 120 (Ludhiana) Pb.
Phone : (O) 0161-2425215, 2423390 (Mobile) +91-9465500575, 9815600575
Email : info@gmtautospares.com Visit us at : www.gmtautospares.com


# कोरोना : भारत के लिये नये अवसर



प्रमोद कुमार ( मार्केटिंग हैड )
मकास ऑटोमोटिव, फरीदाबाद

फरीदाबाद, अप्रैल 2020 करोना महामारी के फैलते भारत देश में व्यवसाय के नये अवसर सामने आ सकते है। जी हां आपको वर्तमान में यह सुनकर बहुत अटपटा लग सकता है और इससे मुझसे जुड़े ऑटोमोबाइल जगत से जुड़े लोग परेशान हो जायेंगें और सोचेंगें की ये प्रमोद कुमार क्या कह रहे हैं। लेकिन लगभग 100 सालों बाद हम इस तरह की लड़ाई लड़ रहे हैं और ये हमारी पूरी जिन्दगी में पहली बार ही हुआ है। इस लड़ाई में हमारी सरकार ने कई कठोर निर्णय बड़ी ही मजबूती के लिये हैं और सम्भवत: भविष्य में भी लेने पड़ सकते है। वर्तमान में भारत में महामारी फैलने की गति लगभग 6 प्रतिशत आ चुकी है और आगे और बढ़ने की सम्भावना है। अभी लड़ाई लंबी है तथा जो भी इस समय सही निर्णय लेगा, विश्वास के साथ चलेगा, सही नीयत व दृढ़ निश्चय के साथ चलेगा, जीत उसी की होगी। इस समय जिसमे भी जितना हो पाये किसी भी संस्था से जुड़कर लोगों की सेवा करें व अपना आर्थिक व शारिरीक योगदान देवें। मैं गत 30 वर्षो से भारत की नं. 1 कम्पनी से जुड़ा हुआ था और अब मकास आटोमोटिव में पिछले 2 वर्षो से कार्य कर रहा हूं। मेरा ये माना है कि यदि आपके ग्राहकों का विश्वास हो और आपमें कुछ कर गुजरने का जस्बा हो तो ना केवल आप 2 वर्षो में ही दोगुनी ग्रोथ हासिल करके नं. 2 पोजिशन पर आ सकते हो जैसा हमने मकास आटोमोटिव में कर दिखाया।

भारत में उत्पादन कार्य करने की अपास क्षमता व शक्ति है क्योंकि भारत में अभी तक 50 प्रतिशत चाईना के माल पर निर्भरता थी हमें इसी निर्भरता के प्रतिशत को कम कर भारतीय प्रोडक्ट्स की प्रोडक्शन क्षमता को बढ़ाना है और इस पर लोगों ने भावी योजनायें बनाना आरम्भ भी कर दिया है। पूरी विश्व में किसी भी व्यवसाय के लिये भारतीय बाजारों को सबसे अच्छा माना जाता है और अधिकतर विदेशी कम्पनियां डायरेक्ट या इनडायरेक्ट यहां निवेश कर रही हैं। लॉकडाउन खुलने के बाद बाजारों में जो रिक्त स्थान आयेगा उससे रिटेलरों के गोदाम खाली हो जायेगें, जब तक नया माल नहीं आ पाता। हमारी जरूरतों का सामान, खाने के सामान व सीमेंट, लोहा इन्यादि की कम्पनियों में प्रोडक्शन हो रहें है और उन्हें गन्तव्य पर पहुंचाने में गाड़ियों की अचानक भरमार आरम्भ होगी। क्योंकि रिटेलर के गोदाम रिक्त हो




चुके है तो वो थोक विक्रेताओं से अच्छे प्रोडक्ट्स ही लें क्योंकि खराब प्रोडक्ट्स की अब खैर नहीं होगी। इस मंदी में जिनका में जिनका भुगतान सही नहीं होगा वो बाजार से बाहर हो सकता है।

एक अनुमान है कि ऑटोमोबाइल स्पेयर्स का निर्यात अगले वर्षो में अबतक की सबसे लंबी छलांग लगा सकता है क्योंकि चाईना के अविश्वास के साथ ही जापान, दक्षिण कोरिया, यूरापिय देशों ने भारत पर अपना गहरा विश्वास जताया है। जिसमें टाटा, महिन्द्रा व मारूति का सबसे ज्यादा करोबार बढ़ सकता है। भारत में श्रम शक्ति ज्यादा होने के कारण व सभी धर्मो पर एक समान विचारधारा रखने वाला देश होने के कारण विश्व के विकसित देशों में इसका काफी सम्मान है। इसके साथ-साथ भारतीय माइंड व अलग-अलग राज्यों में आत्मनिर्भरता भी भारत की अच्छी ग्रोथ के कारण हो सकते है।

भारतीय रिजर्व बैंक व सरकारी एजेंसियों ने भी उद्योगों व ईकोनोमी को बुस्ट करने के लिये विभिन्न योजनायें व राहतों का अंबार लगाया है जिससे हमें दीर्घकालीन लाभ मिलने की आशा है। अंत में यही कहना चाहुंगा कि हमारे देश में जब भी विपत्ति आयी है हम सब ने मिलकर व मजबूती से इसका सामना किया हे और गत 40 वर्षो में ये देखा भी गया है आज हम सबसे आगे है।


आप सब से अनुरोध है कि अपने ग्राहकों के हितों का ख्याल रखें अपने मजदूरों व कर्मचारियों तथा वेन्डर का ख्याल रखें क्योंकि यहीं आपको सफलता दिलायेंगें। मैंने अपने 30 वर्षो के कार्यकाल में यही महसूस किया है कि आप दूसरों का ख्याल रखें उनकी दुआयें आपको शिखर तक पहुंचायेगी। आपका आने वाला समय अच्छा हो, हौसला रखें व निश्चय करें।


**फिरसे प्रयास करने से मत घबराना, क्योंकि इस बार शुरुवात शून्य से नहीं, अनुभव से होगी !!**

CLUTCH SIROCCO SYSTEM

An ISO/TS 16949 Certified Co.

# लक्ष्य हमारा विश्वास आपका





**OEM** Supplier to ASHOK LEYLAND

*Now* Available Clutch Systems For Tractors



**Replacement Market**

**State Transport Undertaking**

**Export**

**Complete Rang For**

VOLVO | MERCEDES-BENZ | AMW
EICHER | TATA | SWARAJ MAZDA | MAHINDRA
ASHOK LEYLAND

Authorised Channel Partners

**BIPIN AUTO SPARES**
Ranchi (Jharkhand) +91-9835504621

**BIR BROTHERS**
Kanpur (U. P.) +91-9839068523

**JOLLY AUTOMOBILES**
Meerut (U. P.) +91-9758955255

**MATTRO AUTOMOBILES**
Gauhati (Assam) +91-9864050878

## SIROCCO PRESSING PVT. LTD.

Plot No. 16, Industrial Area, N.I.T. Faridabad-121001 (Haryana)
PH.: 0129-4296000-09, 4022293, Fax.: 0129-4296010
E-mail : siroccopressings@gmail.com

**DEPOT**

KANPUR : Shop No. S-48, Gadarian Purwa,
(M) 09450656048

DELHI : 2776, Pyarelal Building, Guru Nanak Motor Market, Kashmiri Gate-06
(M) 09899470570

# लॉकडाउन

# नए हथियारों से ही जीत सकेंगे यह जंग

लॉकडाउन के बाद व्यापार और कॅरिअर के समक्ष जो विपरीत हालात पैदा होने वाले हैं, वे अपने आप में भयावह और अलग होंगे। ऐसे हालात का सामना आपने इससे पहले कभी भी नहीं किया होगा। इन परिस्थितियों से जीतने के आपको भी ऐसे कार्य करने होंगे जो इससे पहले आपने कभी नहीं किए होंगे। यह नए जमाने का नया युद्ध है और इसे नए तरीके के हथियारों से ही लड़ना होगा, तभी इसमें जीत मिलेगी कुछ खास सलाह आपको इस मुश्किल वक्त से उबरने में मदद करेगी।

## आत्मविश्वास सबसे बड़ी ताकत :

यह विश्वास रखना होगा कि मैं जीतकर ही बाहर आऊंगा। दुनिया में इसके पहले भी कई बार इस तरह की आपदाएं आई हैं। जितने भी सफल




लोगों को हम जानते हैं, वे सभी अनेक बार खत्म हुए और उसके बाद फिर से खड़े हुए हैं। इसलिए इस वक्त किसी भी हालत में अपना विश्वास नहीं टूटने दें। ऐसे लोगों के साथ रहें, जिन्होंने लड़ने और जीतने की ठान ली हो। लॉकडाउन के जितने भी दिन बचे हैं, उनमें हर पल अपने आप को बेहतर बनाने में लगा दीजिए। जब आप लॉकडाउन से बाहर निकलें तो एक बदले हुए और ज्यादा योग्य इंसान के तौर पर निकलें। सीखने के लिए इससे बेहतर वक्त मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखा। यदि आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं भी हो, तब भी इस वक्त आप बड़ी यूनिवर्सिटी और बड़े कोचेस की निशुल्क सेवाओं का फायदा उठा सकते हैं।

## जमकर साहस दिखाएं:

यह ऐसा समय है जब आपको कोई लोगों को ना कहने का साहस पैदा करना होगा। स्वयं के साथ, अपनी टीम के साथ और अन्य लोगों के साथ बहुत कुछ नया करने का साहस पैदा करना होगा। बड़े और कठोर निर्णय लेने होंगे। आपको इस समय सकारात्मक और साहसी लोगों के साथ रहना चाहिए, रोने वालों के साथ नहीं।

**एक्स्ट्रा दें, नया अपनाएं:** आपको यह सोचना होगा कि मैं अपने ग्राहकों को किस तरीके से एक्स्ट्रा दूं जिससे कि वे मुझसे हमेशा के लिए जुड़ जाएं। यदि आप किसी जॉब में हैं तो यह सोचना होगा कि मैं स्वयं में ऐसी कौन-सी योग्यताएं पैदा करूं या कैसा काम करूं जिससे जिससे यदि छंटनी भी हो तो मेरी नौकरी बची रहे। अब औसत लोगों के लिए मुश्किलें ज्यादा होंगी क्योंकि संस्थान सीमित संसाधनों की वजह से श्रेष्ठता का चुनाव करेंगे। टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाना होगा क्योंकि ऐसी आपदा तो भविष्य में भी आ सकती है। कम खर्च और साधनों में काम करने का अभ्यास करें।

## ये 4 मंत्र जरूर याद रखें.....

**इस संकटकाल में आपको नीचे दिए जा रहे चार मंत्र अपनी रग-रग में उतार लेना चाहिए। ये इस संकटकाल से निकलने में आपकी सहायता करेंगे।**

### 1. मुंह में रखें शक्कर.....

अपने मुंह में शक्कर रखें यानी वाणी में मिठास बनाए रखें। इसका मतलब यह भी है कि चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थिति आ जाए, लेकिन यह वक्त संयम बनाए रखने का है चाहे परिवार हो या व्यापार, वाणी का शक्कर की तरह इस्तेमाल करें।



### 2. पैरों में हो चक्कर......

इस अवधि में रुकने के बजाय चलते रहें और डटे रहें। यह अब तक के जीवन की सबसे ज्यादा मेहनत वाली अवधि होनी चाहिए। अगर आपने मेहनत करने से जी नहीं चुराया तो इसका आज नहीं तो कल फायदा जरूर मिलेगा।



### 3. सीने में जलाएं आग.....

जहां अधिकांश लोग हिम्मत हारकर बैठे हैं, तो उनके बीच थोड़ा-सा हौसला दिखाकर आप अपनी जगह बना सकते हैं। इस वक्त अपने सीने में सपनों की आग को जलाकर रखें क्योंकि अब मेहनती लोगों के लिए अवसर खड़े हुए हैं।



### 4. अपने सिर में जमाएं बर्फ....

बहुत-से विपरीत हालात आएंगे। सैलरी कम हो सकती है, काम बढ़ सकता है। हो सकता है ग्राहकों की संख्या कम हो जाए, लेकिन आपा ना खोएं। अपने सिर में बर्फ रखें अर्थात संयमित होकर दूरदृष्टि के साथ ही निर्णय लें। यह परिस्थिति अच्छे और बुरे का भेद भी दुनिया के सामने लेकर आएगी।


CHERA
ESTD. 1972
Clutch Systems
We Believe in one Thing......
Excellence
Product For :
Tractors
Hydra Crains
Fork Lifts
Jeeps
Mini Trucks
Trucks
OEM's to:
Construction Equipment
TAFE
ESCORTS
SONALIKA INTERNATIONAL
EICHER
VOLTAS LIMITED
A TATA Enterprise
Delhi Transport Corporation
ASSOCIATION OF STATE ROAD TRANSPORT UNDERTAKINGS
Ministry of Defence
Gillette
CCEL
ACE
INDO FARM EQUIPMENT LIMITED
Manufactured By :
CHERA ENGINEERING WORKS
20, Industrial Area, Shed No.7, N.I.T., Faridabad-121 001 (India)
Phone : (O) 0129-4024860 E-Mail : cewchera@hotmail.com
Marketing Person : Mr. Manmeet Singh # +91-9810023264
Web : www.cheraclutches.in




# राजस्थान के इनिशिएटिव्स को प्रधानमंत्री ने सराहा, मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने व्यक्त किया धन्यवाद

## कोरोना सकंट का मजबूती से मुकाबला करने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को सुझाए 15 सूत्री मुद्दे

जयपुर, 27 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोविड-19 महामारी के खिलाफ जंग में राजस्थान सरकार द्वारा लिए गए इनिशिएटिव्स की सराहना करने के लिए उनका धन्यवाद व्यक्त किया है। दिनांक 27 अप्रैल 2020 को मुख्यमंत्रियों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कोरोना संकट का मजबूती से मुकाबला करने के लिए उठाए गए कदमों की चर्चा की थी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन मुख्यमंत्रियों को कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला, वे अपने सुझाव लिखकर भेज सकते हैं। इस क्रम में मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने सरकार को 15 सूत्री बिन्दुओं पर सुझाव भेजे।

### राज्यों को दिया जाए 1 लाख करोड़ का अनुदान

श्री गहलोत ने कहा कि लॉकडाउन के कारण राज्यों के राजस्व संग्रहण पर विपरीत असर पड़ा है। ऐसे में उन्हें 1 लाख करोड़ रूपये का अनुदान उपलब्ध करवाया जाए। इसका आधार प्रति व्यक्ति जनसंख्या, कोविड महामारी का प्रकोप अथवा जी.एस.टी. काउन्सिल या अन्तर्राज्यीय परिषद द्वारा निर्धारित मापदण्ड भी हो सकते हैं।

### जीएसटी क्षतिपूर्ति को दस वर्ष किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के कारण हर राज्य की स्थानीय परिस्थितियों एवं आर्थिक स्थिति को देखते हुये जीएसटी की व्यवस्था के अन्तर्गत राज्यों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति की अवधि को 5 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष किया जाए।

### ऋणों के भुगतान की किस्तों पर दें 6 माह का ब्याज मुक्त मोरेटोरियम

श्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार एवं इसके बोर्ड, कॉरपोरेशन तथा कंपनियों (पावर कंपनियों सहित) को भारत सरकार एवं उसके विभिन्न संस्थानों जैसे पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन से लिए गए ऋणों के भुगतान की किस्तों पर मूल एवं ब्याज, दोनों पर 6 माह का ब्याज मुक्त मोरेटोरियम दिया जाए।

### कृषि उत्पादन के 50 प्रतिशत तक हो एमएसपी पर खरीद

श्री गहलोत ने कहा कि संकट की इस घड़ी में किसानों को संबल देना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले इसके लिए जरूरी है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की सीमा को कृषि उत्पादन के 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए।

### उद्योग एवं व्यापार जगत को मिले व्यापक आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी का बड़ा प्रतिकूल प्रभाव उद्योग एवं व्यापार जगत पर पड़ा है। करीब डेढ़ महीने से औद्योगिक गतिविधियां ठप पड़ी हैं। ऐसे में उन्हें उबारने के लिए केन्द्र द्वारा एक व्यापक आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज दिया जाए। यह पैकेज उसी प्रकार का हो जैसा वर्ष 2008 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के समय दिया गया था। कोविड-19 के इस संकट काल में अमेरिका, यूके, जापान आदि देशों ने वृहद स्तर पर पैकेज दिए हैं।

### अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए राजकोषीय व्यय को बढ़ावा दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में अर्थव्यस्था को उबारने के लिए राजकोषीय व्यय को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके लिए भारत सरकार को केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की केन्द्रांश की राशि की प्रथम किस्त शीघ्र बिना किसी शर्त के जारी करनी चाहिए एवं राशि जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाना चाहिए।


### श्रमिको ं के वेतन भुगतान के लिए केन्द्र लाए स्कीम

श्री गहलोत ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान अधिकतर एमएसएमई उद्योग बंद होने के कारण अपने श्रमिको को वेतन एवं मजदूरी देने की स्थिति में नहीं है। भारत सरकार को इन श्रमिकों के वेतन भुगतान के लिए निर्णय लेकर इनके वेतन का एक हिस्सा 6 माह तक के लिए देना चाहिए। इस सम्बन्ध मे ं कई देशों द्वारा उद्योग एवं व्यापार को संकट से उबारने के लिए नीतिगत निर्णय लिए गए हैं। इस पर भारत सरकार को एक योजना बनानी चाहिये।

(शेष पृष्ठ 22 पर)


RMP®
BEARINGS
PRODUCTS MADE WITH PRECISION AND PASSION
Quality that Recognised by World
Tier 2 / Complete Range of Products for
OEM Customers
RMP BEARINGS LIMITED
Station Road, Ranpur - 382 245.
Dist. : Ahmedabad, Gujarat, INDIA
Phone : +91 2711 238227, 238343.
Fax : +91 2711 238496
Email : mail@rmpbearings.com.
Website : www.rmpbearings.com
Celebrating 35 Years
1978 - 2013
REGD. OFFICE
08, Pragatishil Society,
Opp. Mangal Maitry Hall, Paldi,
Ahmedabad - 380 007.
Phone : +91-79-26581492
+91-79-26574746
Fax : 91-79-26589135
TÜV NORD
ISO/TS16949:2009
AXIS/RMP/01-16/01

# व्यापारी ध्यान दें.....



किशन गोयल
( राँची )

- लॉकडाउन खुलने के बाद माल बेचने की जल्दबाजी न करें। पहले मार्केट का रुख देखें, पीछे से माल किन-किन शर्तों पर आपके पास आ भी रहा है या नहीं। उसके बाद ही माल विक्रय करें।
- माल विक्रय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लेवें कि आज का क्या भाव है और आपके पास उस वस्तु का कितना स्टॉक शेष है, उसी हिसाब से माल को बेचे।
- पिछली उधारी क्लियर होने के बाद ही अगला माल विक्रय करें, अन्यथा पुराना पेमेंट के साथ-साथ नया पेमेंट भी लम्बे समय के लिए मार्केट में रुक सकता है।
- जितना अधिक हो सकें उतना नगद बेचने का प्रयास करें। इससे आप बिल्कुल तनाव मुक्त होकर व्यापार कर सकेंगे।
- उधार एक सुविधा के लिए दिया जाता है किन्तु कुछ लोग इस सुविधा का दुरुपयोग करने लगे हैं। माल बेचने के बाद भी पेमेंट करने में कुछ लोग आनाकानी करते है। फालतू चक्कर कटवाते हैं, नए-नए बहानेबाजी मारने लगते है जिसमें इस बार तो.. .. भगवान ही मालिक है।
- नगद बेचने वाला निश्चित रहता है, उधार बेचेन वाला चिंतित ही रहता है। हमेशा आप जैसी आदत डालेंगे, वैसी ही आदत बनेगी, उधार सिर्फ साख के आधार पर कुछ समय के लिए दिया जाता था किन्तु अब कुछ लोग रकम को किश्तों में देकर पूरी रकम को तोड मरोड़ देते हैं जिससे व्यापार करने में अब कठिनाइयां आने लगी है।
- ठीक है '' **उधार के बिना व्यापार नहीं चलता**'' इस सोच को बदलने की जरूरत है। सोच बदलेगी तभी दुनिया सुधरेगी।
- एक पर्ची क्लियर होने के बाद ही अगला माल उधार दे जिससे एक लिमिट भी बनी रहेगी, उधारी भी एक व्यापारी पर अधिक नहीं बढ़ेगी।
- कुछ शहरों में एडवांस चेक लेकर व्यापारी अपनी शर्तों पर बिजनेस कर रहे हैं जो काफी सुखी है। सिक्यूरिटी बतौर माल उधार देने वाले से डेट डलवाकर सिग्नेचर करवाकर चेक रखकर ही माल दे रहे हैं जो सुरक्षा के लिए पर्याप्त है।

**''मर्जी है आपकी, आप माल उधार बांटे या फ्री में। माल आपका, रकम भी आपकी''**

---

# राजस्थान के ....

(पृष्ठ **20** का शेष)

जयपुर, 27 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोविड-19 महामारी के खिलाफ जंग में राजस्थान सरकार द्वारा लिए गए इनिशिएटिव्स की सराहना करने के लिए उनका धन्यवाद व्यक्त किया है। दिनांक 27 अप्रैल 2020 को मुख्यमंत्रियों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कोरोना संकट का मजबूती से मुकाबला करने के लिए उठाए गए कदमों की चर्चा की थी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन मुख्यमंत्रियों को कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला, वे अपने सुझाव लिखकर भेज सकते हैं। इस क्रम में मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने सरकार को 15 सूत्री बिन्दुओं पर सुझाव भेजे।

## राज्यों को दिया जाए 1 लाख करोड़ का अनुदान

श्री गहलोत ने कहा कि लॉकडाउन के कारण राज्यों के राजस्व संग्रहण पर विपरीत असर पड़ा है। ऐसे में उन्हें 1 लाख करोड़ रूपये का अनुदान उपलब्ध करवाया जाए। इसका आधार प्रति व्यक्ति जनसंख्या, कोविड महामारी का प्रकोप अथवा जी.एस.टी. काउन्सिल या अन्तर्राज्यीय परिषद द्वारा निर्धारित मापदण्ड भी हो सकते हैं।

## जीएसटी क्षतिपूर्ति को दस वर्ष किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के कारण हर राज्य की स्थानीय परिस्थितियों एवं आर्थिक स्थिति को देखते हुये जीएसटी की व्यवस्था के अन्तर्गत राज्यों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति की अवधि को 5 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष किया जाए।

## ऋणों के भुगतान की किस्तों पर दें 6 माह का ब्याज मुक्त मोरेटोरियम

श्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार एवं इसके बोर्ड, कॉरपोरेशन तथा कंपनियों (पावर कंपनियों सहित) को भारत सरकार एवं उसके विभिन्न संस्थानों जैसे पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन से लिए गए ऋणों के भुगतान की किस्तों पर मूल एवं ब्याज, दोनों पर 6 माह का ब्याज मुक्त मोरेटोरियम दिया जाए।

## कृषि उत्पादन के 50 प्रतिशत तक हो एमएसपी पर खरीद

श्री गहलोत ने कहा कि संकट की इस घड़ी में किसानों को संबल देना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले इसके लिए जरूरी है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की सीमा को कृषि उत्पादन के 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए।

## उद्योग एवं व्यापार जगत को मिले व्यापक आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी का बड़ा प्रतिकूल प्रभाव उद्योग एवं व्यापार जगत पर पड़ा है। करीब डेढ़ महीने से औद्योगिक गतिविधियां ठप पड़ी हैं। ऐसे में उन्हें उबारने के लिए केन्द्र द्वारा एक व्यापक आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज दिया जाए। यह पैकेज उसी प्रकार का हो जैसा वर्ष 2008 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के समय दिया गया था। कोविड-19 के इस संकट काल में अमेरिका, यूके, जापान आदि देशों ने वृहद स्तर पर पैकेज दिए हैं।

## अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए राजकोषीय व्यय को बढ़ावा दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए राजकोषीय व्यय को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके लिए भारत सरकार को केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की केन्द्रांश की राशि की प्रथम किस्त शीघ्र बिना किसी शर्त के जारी करनी चाहिए एवं राशि जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाना चाहिए।

## श्रमिकों के वेतन भुगतान के लिए केन्द्र लाए स्कीम

# QUALITY IS OUR FOUNDATION

# BALL & TAPER ROLLER BEARINGS




*Factory :*

## AM-TECH INDUSTRIES

Aji G.I.D.C., C-1/3, Opp. Vikram Value, Rajkot-360 003 Ph.: 0281-2387088 / 2385722
Mobile : 9825215876 Email : amtechindustries@yahoo.in
Visit us at : www.amtechbearings.com

फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री

# फोर्टी द्वारा राजस्थान सरकार से चालू किये गये औद्योगिक कारखानों में कार्यरत श्रमिकों को नहीं भेजने की अपील



सुरेश अग्रवाल
अध्यक्ष

राजस्थान सरकार द्वारा कोरोना महामारी के दौरान मॉडिफाइड लॉकडाउन में ट्वीट करके सभी उद्योगो को सेफ्टी गाईडलाइन के साथ चालू करने के आदेश दिये गये है। इसके बावजूद जयपुर के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रो में पुलिस व प्रशासनकर्मी अलग-अलग इण्डस्ट्रीज एरिया में घूम-घूम कर एवं औद्योगिक इकाइयों में जाकर यह पूछ रहे है कि किसी लेबर को गॉव जाना है या गॉव भेजने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में यदि सभी श्रमिक गॉव चले जायेंगे तो औद्योगिक क्षेत्रों में इकाइयां कैसे चलेगी?

राजस्थान सरकार के साथ मीटिंग में आईएस नीरज के. पवन ने भरोसा दिलाया था कि सरकार उद्योगो को शुरू करने का पूरा प्रयास कर रही है। मेरा मानना है कि सरकार ऐसा प्रयास करे कि बस स्टेण्ड एवं रेलवे स्टेशन पर जो बाहर से आये हुए श्रमिक है या गॉव जाना चाहते है उन्हें गॉव भिजवाने की व्यवस्था करें एवं पुलिस प्रशासन को निर्देश दिये कि वे औद्योगिक इकाईयों में जाकर श्रमिकों को गांव जाने की बाते करने के बजाय इकाईयों को शुरू करने पर फोकस करे इससे औद्योगिक इकाईयों का काम शुरू होगा। सभी को इससे रोजगार मिलेगा व सरकार का राजस्व बढ़ेगा और ठप पड़े उद्योगों को राहत मिलेगी।

इसके साथ-साथ शैल्टर होम में जो भी श्रमिक है उनको भेजने के बजाय इण्डस्ट्री में कार्य करने के लिए प्रेरित करें ताकि सुस्त पड़े हुए उद्योगों में कार्य निरन्तरता के साथ शुरू हो सके।

स्रोत : फोर्टी पत्र।

## आरटीओ प्रशासन का साफ इनकार

# बीएस 4 श्रेणी के वाहनों का 30 अप्रैल के बाद रजिस्ट्रेशन नहीं

बीए-4 वाहनों के रजिस्ट्रेशन की अवधि 30 अप्रैल तक कर दी गई है। जयपुर में अब आने वाले चार दिन ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। ऐसे में राजधानी में खरीदे गए बीएस-4 वाहनों का रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। जयपुर की बात करें तो करीब एक हजार से अधिक वाहन ऐसे हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। ऐसे में चार दिन बाद ये वाहन कबाड़ हो जाएंगे। इधर परिवहन विभाग को ऐसे वाहनों को लेकर चिंता सता रही है। विभाग ने आरटीओ कार्यालयों को ऐसे वाहनों का पंजीयन हर हाल में करने के निर्देश दिए है। साथ ही परिवहन विभाग ने साफ कर दिया है कि वे 30 अप्रैल के बाद ऐसे वाहनों का रजिस्ट्रेशन नहीं करेगा।

### ये हेल्प लाइन नंबर जारी

| | | | |
|---|---|---|---|
| ताराचंद, डीटीओ | 9982442793 | पीआर जाट | 9413337778 |
| दयाशंकर गुप्ता | 8107891400 | राजीव विजय | 9414016892 |

स्रोत : दैनिक भास्कर, जयपुर

# भविष्य में होने वाली शादियों के निमंत्रण पत्र पर नियम-शर्तें कुछ इस प्रकार लिखी होगी-

- आप सपरिवार ना पधारें, केवल अकेले ही आने का कष्ट करें।
- स्वच्छता का ध्यान रखें और अपना मास्क कतई न उतारें।
- अनावश्यक किसी वस्तु को हाथ न लगाएं।
- वर-वधु को आशीर्वाद दूर से ही दें, उनके पास आकर फोटो खिंचवाने की कोशिश न करें।



- हर स्थान पर सामाजिक दूरी बना कर रखें।
- व्यवहार का पैसा काउंटर नम्बर 1 पर जमा कराकर पावती लेकर या ऑनलाइन पेमेंट का स्क्रीन शॉट दिखाकर काउंटर नम्बर 2 से अपना भोजन का पैकेट प्राप्त करें व घर जाकर शांति पूर्वक भोजन का स्वाद लें।
- हार-फूल कतई ना लाएं। उसका पैसा काउंटर नम्बर 3 पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

नोट:- यदि आप इन नियमों का पालन करेंगे तभी आप कोरोना से बचे रहेंगे।

आपको मजबूरीवश बुलाया गया है, क्यूंकि हमने भी आपके यहां आकर लिफाफा दिया था।


SAINCO®
GENUINE OE QUALITY SPARE PARTS
Since 1985
Smart Drive Go Safe
COMING SOON Spring Pins
PRODUCT RANGE
BELL CRANK BUSH, SPRING BUSH, KING PIN BUSH
KING PIN BEARING, TRAILER BUSH & PIN, BELL CRANK PIN
& Other Various BUSHES
Complete Range of :
TATA
ASHOK LEYLAND
Mahindra
EICHER
AMW BUILT TO WIN
JCB
MAKE IN INDIA
Clean & Green India
All the Parts has been Manufactured in the most modern plant, undergoing stringent quality control checks to ensure its reliable-performance under wxacting conditions
Customer Care : 8650911112
Manufactured & Marketed By
SAINCO INDUSTRIES
127, Kothi Atanas, Meerut (U. P.) India
E-mail : saincoindustries@gmail.com
Mobile : 9412830732, 8650911112
7253939000, 7253939111
Area wise Distributor/Dealers Required for Unrepresented Areas

# वर्चुअल मीटिंग्स के दौरान टीम से कैसे हो संवाद ?

दूर बैठकर काम कर रही टीम अलग–थलग महसूस ना करें इसके लिए क्या उपाय करेंगे जानिए हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू से। यह भी जानिए की इस समय सकारात्मक कैसे रहें ?

## वर्चुअल मीटिंग्स में जुड़ाव कैसे महसूस करें कर्मचारी ?

इस समय हममे से ज्यादातर लोग अपने सहकर्मियों से वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग या फोन के जरिए सम्पर्क में हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि सभी लोग खुद को एक दूसरे से जुड़ा महसूस करें। मीटिंग की शुरूआत कुछ नियम बना कर की जा सकती है। कर्मचारियों से उनके फोन के नोटिफिकेशन बंद करने और मल्टीटास्किंग से बचने के लिए कहा जा सकता है। सीधे मुद्दे की बात करने की बजाय शुरूआती कुछ मिनट अनौपचारिक बातचीत कर सकते है। सुनिश्चित करे की सभी को बोलने का मौका मिले। शुरूआत नये या जूनियर कर्मचारी से की जा सकती है। मीटिंग को समाप्त करने के तुरन्त बाद आप ईमेल या इंस्टेंट मेसेज द्वारा एक फॉलो–अप भेजा जा सकता है।

## तनावपूर्ण परिस्थितियों में सकारात्मक रहने के लिए क्या करें ?

अनिश्चित और तनावपूर्ण परिस्थितियों के दौरार थोड़ी बैचेनी और डर महसूस करना सामान्य है। हो सकता है आप के आस–पास वाले भी ऐसा ही महसूस कर रहे हो।। इस भावनात्मक संक्रमण से बचने के लिए कुछ उपाय कर सकत है। सोशल मीडिया, टीवी न्यूज और दोस्तों और सहकर्मियों के साथ गॉसिप से खुद को अलग कर लें। किसके पास पुख्ता जानकारी है और कौन केवल अनुमाल लगा रहा है, ऐसे लोगों की पहचान करें। खुद की मानसिक सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। इसके लिए व्यायाम, योग, मेडिटेशन किया जा सकता है। इससे आपके अंदर सकारात्मकता भर जाएगी जिसे आप अन्य लोगों तक पहुंचा सकेंगे।

## मुश्किल वक्त के दौरान टीम के साथ पारदर्शिता क्यों जरूरी ?

अगर आपकी टीम घर से पहली बार काम कर रही है तो हो सकता है वो अलग–थलग महसूस कर रही होगी। ऐसे में बहुत जरूरी है आप सुनिश्चित करें की सभी के पास पर्याप्त जानकारी हो। इस समय आपको पारदर्शिता रखनी होगी कि सबको पता हो क्या चल रहा है। आप टीम को फाइनेंस से लेकर मैनेजमेंट स्तर तक की जानकारी दे सकते है। हो सकता है टीम रेवन्यू गोल्स को लेकर चिंतित हो। ऐसे में उन्हें जितनी हो सके उतनी जानकारी दी जा सकती है जिससे उन्हें यह महसूस हो कि आने वाले समय में सब ठीक होगा। उन्हें महससू करवाये कि आप उनके लिए मौजूद हैं।

# नुकसान की फ्रिक से ज्यादा जान की फ्रिक जरूरी

पुरी दुनिया से कोरोना को लेकर जिस तरह की खबरें सामने आ रही है उसे देखते हुए इस समय लॉकडाउन की वजन से व्यापार में हो रहा नुकसान कुछ भी नहीं है। क्योंकि फिलहाल हम सभी का सुरक्षित और जीवित बचे रहना जरूरी है। लॉकडाउन खुलने के बाद आगामी जनवरी माह तक हालात के सामान्य होने की उम्मीद है। इसमें भी ऑटोमोबाइल व स्पेयर पार्ट्स को सम्भलने में काफी वक्त लगेगा, क्योंकि लॉकडाउन खुलने के बाद लोगबाग पहले अपनी बेहद जरूरी प्राथमिकताओं पर खर्च करेंगे।



**संजय छांगानी**
अध्यक्ष, ऑटोमोबाईल डीलर एसोसिएशन

फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्रीज

# Covid-19 के चलते बिजली बिलों से सम्बन्धित आ रही समस्याओं के समाधान के लिये आवश्यक सुझाव

कोराना महामारी ने पूरे देश को अपनी चपेट में लिया हुआ है। लॉकडाउन के कारण उत्पन्न हालातों के मद्देनजर उद्योग धंधे बुरी तरह से प्रभावित हुए है। फोर्टी द्वारा इस महामारी के चलते बिजली बिलों से सम्बन्धित आ रही समस्याओं के समाधान हेतु कुछ आवश्यक सुझाव दिए जा रहे हैं जिनका निराकरण आवश्यक हैं–



1. उद्योगो के बिजली के बिलों का भुगतान करने की तिथि 27 मार्च से बढ़ाकर लॉकडाउन खुलने के 15 दिन बाद तक का समय दिया जाये। क्योंकि लॉकडाउन चल रहा हैं जो 3 मई को समाप्त होगा परन्तु व्यापार उद्योग बंद होने के कारण देनदार से पैसा नहीं आने के कारण ऑपरेटिंग साइकिल रुक गयी है जिसकी वजह से उद्योगों को वित्तीय समस्या आ गई है जिसके कारण व्यापारी उद्योगों का बिजली का बिल जमा करने में असमर्थ हैं अत: बिजली के बिल जमा करने हेतु वित्तिय संसाधन जुटाने के लिए लॉकडाउन खुलने तक का समय दिया जाए।

2. उद्योगो कि एक्सेस सिक्योरिटी की राशि को बिल में समायोजित किया जाये। उद्योगों कि वित्तीय हालत को देखते हुए निवेदन है कि अभी जो सिक्योरिटी कि राशि एक्सेस है उसकी गणना कर इसी मार्च माह के बिल से समायोजित किया जाए ताकि उद्योगो को राहत मिल सके।

3. उद्योगों की सिक्योरिटी की राशि पर ब्याज को भी बिल में समायोजित किया जाये। उद्योगों के द्वारा डिस्कॉम के पास जो सिक्योरिटी की राशि है उस पर मिलने वाले ब्याज की राशि को भी मार्च के माह के बिल से समायोजित किया जाये।

स्रोत: श्री सुरेश अग्रवाल, अध्यक्ष, फोर्टी
(फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री)


ALWAYZ 365®
Brake Lining
High Friction Coefficient.......
Asbestos & Non-Asbestos
HCV's Brake Linings
LCV's Brake Linings
Export Brake Linings
Brake Pads
Brake Shoe
Manufactured By
DRI Auto Industries
K-215, Site-V, Surajpur Industrial Area, Kasna, Greater Noida-201 310 (U.P.) Visit us at : www.alwayz365.com
Corporate Office :
DRI ALWAYZ FRICTIONS
1520-1521, First Floor, Church Road, Kashmere Gate, Delhi-110 006
Phone : (Off.) 011-23861521 Mobile : +91-9811419888 Email : sales@alwayz365.com

**कोरोना और तकनीक :–** लॉकडाउन की वजह से देश में बढ़ा वर्क फ्रॉम होम का ट्रेंड

# वर्क फ्रॉम होम के लिए 10 एप, चैट से लेकर 100 लोगों की ऑनलाइन मीटिंग तक की सुविधा

कोरोना वायरस और लॉकडाउन की वजह से कई लोगों को अचानक वर्क फ्रॉम होम यानि घर से काम करना शुरू करना पड़ा। इसके लिए कई कम्पनियों में इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं था। फिर भी सभी इसे अपनाने का प्रयास कर रहें है। गूगल की हैंगआउट, गूगल ड्राइव और माइक्रोसॉफ्ट की स्काइप व ड्राप बाक्स जैसी सर्विसेस काफी पहले से है। जो वर्क फ्रॉम होम में मदद करती रही है। सहकर्मियों से जुड़े रहने के लिए व्हाट्एप, टेलीग्राम आदि भी इस्तेमाल हो रहे है। वर्क फ्रॉम होम के बढ़ते चलन के कारण अब ढेरों नए टूल्स और एप्स भी आ गए हैं। सभी का उद्देश्य एक ही है-घर से काम करने को ज्यादा से ज्यादा आसान बनाना। यहां ऐसे ही कुछ टॉप रेटेड और चर्चित एप्स दिए जा रहे हैं।

**47%**

**कम हुआ है, लोगों का ऑफिस जाना, पिछले कुछ दिनों में**

**5000**

**लैपटॉप रोजाना तक दे रही हैं कुछ बड़ी आईटी कंपनियां कर्मचारियों को**

**28 लाख**

**से ज्यादा आईटी–बीपीओ वर्कफोर्स वर्क–फ्रॉम–होम मॉडल पर काम कर रही है।**

## ऑफिस के हर तरह के टास्क के लिए मौजूद हैं कई तरह के एप्स

## ऑनलाइन वीडियों मीटिंग्स के लिए....

### 1. ZOOM

**रेटिंग:** ★★★★

**डाउनलोड्स :** 10 करोड़ से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड, आईओएस और विंडोज पर मुफ्त

**क्या करता है:** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एप है, जिसमें स्क्रीन शेयर करने और इंस्टेंट मैसेज भेजने के विकल्प भी है। कॉन्फ्रेंसिंग के लिए एक बार में 100 लोगों तक को जोड़ा जा सकता है। मीटिंग्स को रिकॉर्ड कर बाद में देखने की सुविधा भी है।

### 2. MICROSOFT TEAMS

**रेटिंग:** ★★★★½

**डाउनलोड्स :** 1 करोड़ से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड, आईओएस और विंडोज पर मुफ्त

**क्या करता है:** इसमें वीडियों चैट, डॉक्यूमेंट शेयर करने और सहकर्मियों से चैटिंग की सुविधा है। साथ में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 365 का इस्तेमाल कर डॉक्यूमेंट, प्रेजेंटेशन और शीट्स आदि भी बना सकते हैं।

### 3. TEEM VIEWER

**रेटिंग:** ★★★½

**डाउनलोड्स :** 5 करोड़ से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड, आईओएस और विंडोज पर मुफ्त व पेड दर्शन

**क्या करता है:** इस टूल की मदद से डेस्कटॉप शेयर कर सकते है, यानी घर बैठे किसी ऐसे दूसरे डेस्कटॉप पर काम कर सकते हैं, जिस पर टीव्यूअर हो। ऑनलाइन मीटिंग, वेब कॉन्फ्रेंसिंग और फाइल ट्रांसफर के लिए भी इस्तेमाल कर सकते है।

## प्रोजेक्ट या टास्क की निगरानी के लिए.....

### 1. TRELLO

**रेटिंग:** ★★★★½

**डाउनलोड्स :** 1 करोड़ से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड, आईओएस और विंडोज पर मुफ्त

**क्या करता है:** इस टूल की मदद से टीम के सदस्यों के काम का लेखाजोखा रख सकते है। टीम के सदस्यों के लिए टू-डू-लिस्ट बना सकतें है, जहां सभी देख सकते हैं कि कौन-सा काम हुआ, कौन-सा काम बाकी है। इस पर कमेंट्स और लिंक्स भी शेयर की जा सकती हैं।

### 2. ASANA

**रेटिंग:** ★★★★½

**डाउनलोड्स :** 10 लाख से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड और आईओएस पर मुफ्त और पेड वर्जन

**क्या करता है:** फेसबुक के को-फाउंडर डस्टिन मोस्कोविट्ज की एस एप में एक प्रोजेक्ट पर काम कर 15 लोग जोड़े जा सकते हैं और उनके साथ टास्क लिस्ट शेयर कर सकते हैं। पेड वर्जन में टाइमलाइन, शेड्यूल और एडवांस रिपोर्टिंग जैसे फीचर्स भी हैं।

### 3. HARVEST

**रेटिंग:** ★★★★½

**डाउनलोड्स :** 1 लाख से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड और आईओएस पर मुफ्त

**क्या करता है:** इस एप से समय और खर्चों का हिसाब-किताब रखा जा सकता है। इसके जरिए इनवॉइस (बिल) की फोटो खींचकर खर्च का हिसाब रख सकते है। किसी सहकर्मी को प्रोजेक्ट या काम पूरा करने में कितना समय लगता, इसकी निगरानी कर सकते हैं।

( शेष पृष्ठ 30 पर )

# UNLIMITED PROTECTION - INCREASED ENGINE LIFE

GENUINE TECHNO PARTS COM TECHNO COM® COMAUTO® POLY-CAT™ COMSTON® CAT+PLUS™ MULTI-BLADE

## RADIATOR FANS FOR

▸ Automobiles ▸ Tractors ▸ Earthmovers ▸ Excavators ▸ Cranes ▸ JCB ▸ Road Rollers ▸ Dumpers ▸ Cooling Towers ▸ Generators ▸ Machineries ▸ Compressors




Mfrs. of Plastics Radiator Fans Having One of The Biggest Range For Indian & Foreign Vehicles

**We Can Make any Plastic Item as per Your Design, Sample or Specifications**

We Have our Own Tool Room Facilities with VMC Machines

## COMMERCIAL SYNDICATE®

An ISO 9001 : 2008 Certified Company

Office : 2742, Minerva Street, Kashmere Gate, Delhi-110 006 (India) Factory : Wazirpur Ind. Area, Delhi-110 052

Ph. : +91-11-23919125, 23955178, 47552111 Mob. : 9810049126, 9312242111 Email : comsy21@yahoo.co.in Website : www.radiatorfan.co.in

# 'आवाजाही आसान नहीं हुई तो रोक देंगे काम'

ट्रांसपोर्टरों के एक प्रमुख संगठन ने ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर नितिन गडकरी को पत्र लिख है। पत्र में एसोसिएशन ने कहा है कि अगर लॉकडाउन अवधि के दौरान प्रशासन ट्रकों और ड्राइवरों की आवाजाही की इजाजत नहीं देता है तो उसके सदस्य काम करना बंद कर सकते है। केन्द्र सरकार ने कोरोना वायरस का प्रसार रोकने के लिए 25 मार्च को देश में पूर्ण लॉकडाउन का ऐलान किया था, जिसकी अवधि अब बढ़ाकर 3 मई तक कर दी गई है। ऑल इंडिया ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन (AITWA) ने गडकरी को लिखे एक पत्र में कहा है कि मौजूदा जमीनी हालात 20 अप्रैल से लॉकडाउन में आंशिक ढील देने के लिए जारी गृह मंत्रालय के दिशानिर्देश से मेल नहीं खाते हैं और ये ट्रकों और ड्राइवरों की आवाजाही को रोक रहे हैं। AITWA के नेशनल प्रसिडेंट महेंद्र आर्या ने पत्र में कहा है, 'प्रशासन फिलहाल जिस तरह काम कर रहा है, उससे सप्लाई चेन कभी भी बहाल नहीं हो सकती है।' ईटी ने इस पत्र को देखा है।

एसोसिएशन ने कहा कि ढील देने वाली गाइडलाइंस की सभी राज्य अपने तरीके से व्याख्या कर रहे हैं और किसी समान व्यवहार या प्रोटोकाल का पालन नहीं किया जा रहा है। आर्या ने पत्र में कहा है, 'अगर हालात में सुधार नहीं होता है तो, हमें अपने सदस्यों को काम बंद करने के लिए कहना होगा क्योंकि हम उनकी मदद करने में असमर्थ है।' एक अनुमान के मुताबिक देश में करीब 80 लाख ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स है। लॉकडाउन के ऐलान के बाद से इनमें से 15-20 प्रतिशत व्हीकल ही ट्रांसपोर्टेशन के लिए उपलब्ध है। अधिकतर ट्रक ऑपरेटरों ने इन्हें जरूरी सामानों की ढुलाई में तैनात किया है। एसोसिएशन ने सार्वजनिक यातायात उपलब्ध नहीं होने के चलते ड्राईवरों को ट्रक के जरिए एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने की इजाजत देने की मांग की। एसोसिएशन ने ड्राइवरों को उनके ड्राइविंग लाईसेंस के आधार पर ई-पास जारी करना शुरू कर दिया है, जिससे उनकी आवाजाही को आसान बनाया जा सके। AITWA के एक सदस्य ने ईटी को बताया कि जरूरी सामानों का उत्पाद कर रही फैक्ट्रीयों के पास रॉ मैटेरियल खत्म हो रहे हैं, जो बताता है कि औद्योगिक उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से शुरू करने में विभिन्न इंडस्ट्रीज को सप्लाई चेन के मोर्चे पर कितनी गंभीर मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# वर्क फ्रॉम होम .... (पृष्ठ **28** का शेष)

## चैट औरमैसेज के लिए....

### 1. BASECAMP 3

रेटिंग: ★★★★☆

**डाउनलोड्स :** 5 लाख से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड, आईओएस और विंडोज पर मुफ्त

**क्या करता है:** इसमें मैसेज बोर्ड, चैट रूम और फाइल ऑर्गनाइजर जैसे सुविधाएं हैं। सीमित सुविधाओं वाला फ्री वर्जन छोटे प्रोजेक्ट्स को मैनेज के लिए अच्छा है। बड़ी टीम वाले प्रोजेक्ट 99 डॉलर का पेड वर्जन भी ले सकते है।

### 2. SLACK

रेटिंग: ★★★★☆

**डाउनलोड्स :** 1 करोड़ से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड, आईओएस और विंडोज पर मुफ्त

**क्या करता है:** यह कई संस्थानों द्वारा इस्तेमाल की जा रहे सबसे मशहूर एप्स में से एक है। इसे माइक्रोसॉफ्ट ने बनाया है। मैसेजिंग, फाइल भेजने और डॉक्यूमेंट एडिट करने की सुविधाएं देता है। हालांकि इसके फ्री वर्जन में मैसेज की संख्या की लिमिट है।

## डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट के लिए....

### 1. QUIP

रेटिंग: ★★★☆

**डाउनलोड्स :** 5 लाख से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड और आईओएस पर मुफ्त

**क्या करता है:** इसमें कैलेंडर, स्प्रेडशीट्स, वर्ड डॉक्यूमेंट बना सकते हैं और सहकर्मियों के साथ शेयर कर सकते हैं। डॉक्यूमेंट्स की अपडेट और एडिटिंग की हिस्ट्री लाइव देख सकते हैं। साथ ही कमेंट्स भी एड किए जा सकते हैं।

### 2. BOX

रेटिंग: ★★★☆

**डाउनलोड्स :** 1 करोड़ से ज्यादा

**कहां मिलेगा :** एंड्रॉयड और आईओएस पर मुफ्त

**क्या करता है:** यह फाइल रखने के टूल्स गूगल ड्राइव और ड्रॉपबॉक्स का विकल्प है, जिनमें फाइल्स सुरक्षित रखी जा सकती है। फाइल सेव करने के लिए इस एप में ऑफिस 365, गूगल एप्स और स्लैक को भी जोड़ा जा सकता है।

## ये एप्स प्रोडक्टिवटी बढ़ाएंगे

**कुछ लोग मानते हैं कि वर्क फ्रॉम होम में प्रोडक्टिविटी कम हो जाती है क्योंकि घर में एकाग्रता से काम नहीं हो पाता। ये एप्स प्रोडक्टिविटी बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।**

### Time Doctor

यह टाइम ट्रैकिंग एप है, जो एकाग्र रहने व काम की डेडलाइन पर नजर रखने में मदद करता है। इससे समय पर काम पूरा करने में मदद मिल सकती है। Hours और Toggle भी इसी तरह की चर्चित एप्स हैं।

### Noisil

इस पेड एप में इस तरह के साउंड हैं जो एकाग्रता को बेहतर करने में मदद करते हैं। नेचर, बारिश, जंगल और मन को एकाग्र करने वाली विशेष ध्वनियां, जिन्हें व्हाइट नॉइज कहते हैं, इनमें शामिल हैं।

### Doodle

घर से काम करने में एक समस्या यह भी होती है कि आपके काम पर सहकर्मियों का तुरंत फीडबैक नहीं मिल पाता। यह फ्री एप सहकर्मियों से किसी प्रोजेक्ट या टॉपिक पर तुरंत फीडबैक लेने में मदद करता है।

(रेटिंग, डाउनलोड्स, गूगल प्ले स्टोर के आंकड़ों पर आधारित)



CELEBRATING 25 Years
RCW®
Estd. 1995
Specialist In
HANGER SHACKLES
FABRICATION ITEMS
AN ISO
9001 : 2008
Company
Dealers
Enquiry Solicited
For Unrepresentative
Areas
Manufacturers & Exporters of
Premium Quality
Truck, Trailer & Tractor Parts
TATA
AMW
Mahindra
EICHER
ASHOK LEYLAND
AUTOSON INTERNATIONAL
Plant : B-4, Focal Point, Jalandhar - 144 002 (Punjab) shammionline@gmail.com
Regd. Office : 142-144, Cheema Nagar, Jalandhar 9888141429




MAAKSL®
Top Selling Product
Mfgd. in India
Manufactured By :
MAAKSL INCANDESCE EQUIPMENTS PVT. LTD.
#4-48/4/A, R. C. I. Road, Balapur Village, R.R. Dist. Hyderabad-500 005
040-24445195 Fax : 040-24330952
Sales Office :
321, 3rd Floor, Shubam Tower, Neelam-Bata Road, Faridabad (Haryana)
maaksl@gmail.com mdassofbd@gmail.com Website : www.maaksl.in
9313486272 Customer Care No. 0129-4003197
MAAKSL
Clutch Buttons & Diaphragm Springs

# राजस्थान में फसे श्रमिकों को घर भेजने के लिए जारी दिशानिर्देश

**राजस्थान सरकार द्वारा देश के विझिन्न राज्यों में स्थित श्रमिकों/प्रवासियों की समस्याओं के निवारण हेतु अन्य राज्यों से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं के समाधान का निरन्तर प्रयास कर रही है। राज्य के श्रमिकों/प्रवासियों को स्वास्थ्य मानकों की पालना सुनिश्चित करते हुए उनके गंतव्य स्थानों तक पहुंचाने हेतु राज्य सरकार सतत प्रयत्नशील है।**

इसी क्रम में राजस्थान से जाने वाले व बाहर से आने वाले श्रमिकों/प्रवासियो के लिए दिशा-निर्देश (Guidelines) अनुलग्नक के अनुसार जारी किये गये है।

1. अन्य राज्यों में कैंपों में रह रहे राजस्थान के श्रमिकों/प्रवासियों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए लाया जायेगा।

2. राजस्थान से जाने वाले व बाहर से आने वाले श्रमिकों/प्रवासियों के लिए निम्नलिखित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है:-

(I) अन्य राज्यों से आने वाले (हॉटस्पॉट जिलों के अतिरिक्त, अन्य जिलो से) श्रमिकों/प्रवासियों जो कि, निजी वाहन से कर्फ्यू पास लेकर आ रहे है, उन्हें बेरोकटोक आने दिया जाएं एवं उनके नियत स्थान पर पहुंचने के बाद उन्हें क्वारंटाइन किया जाए।

(II) राजस्थान से बाहर जाने वाले श्रमिको/प्रवासियों जिनके पास अपने निजी वाहन है, उन्हें सम्बन्धित जिला कलेक्टर (इंसिडेंट कमांडर) द्वारा चरणबद्ध तरीके से पास जारी किए जाये।

3. वे श्रमिक/प्रवासी जो पब्लिक ट्रांसपोर्ट/बसों से आना या जाना चाहते है, उनके लिए निम्न व्यवस्था सुनिश्चित की गई है:-

(I) राजस्थान में आने जाने वाले श्रमिको/प्रवासियों के लिए एक एकीकृत कॉल सेंटर जिसका नम्बर 1800-108-6127 है, emitra.rajasthan.gov.in तथा rajcovidinfo की सेवाएं भी ले सकेंगे।

(II) इस पंजीकरण की प्रक्रिया के बाद सम्बन्धित राज्य की सहमति प्राप्त की जायेगी।

(III) सहमति लेने के बाद चरणबद्ध रूप से इन्हें लाने/ले जाने की व्यवस्था की जाये ताकि एक साथ बहुत ज्यादा भीड़ न हों।

(IV) गंतव्य स्थल के लिए रवाना होने से पूर्व इनकी ILI के लक्षणों की स्क्रीनिंग की जायेगी।

(V) राजस्थान में इनके गंतव्य स्थल पर पहुंचने के बाद इन्हें क्वारंटाइन किया जाए।

4. राजस्थान के बाहर से आने वाले लोगों के लिए राज्य में आंतरिक व्यवस्था इस प्रकार से सुनिश्चित की गई है:-

(I) सीमावर्ती जिलों में बॉर्डर चैक पोस्ट के पास भोजन, पेयजल, शौचालय एवं चिकित्सा जांच की सुचारू व्यवस्था जिला प्रशासन की जायेगी। यहीं पर उनका रजिस्ट्रेशन किया जायेगा तथा गंतव्य के जिले के प्रशासन को इसकी सूचना दी जाएगी। यहाँ उनके मोबाइल में आईटी विभाग द्वारा विकसित एप को भी डाउनलोड किया जाएगा।

(II) विद्यालय /महाविद्यालय एवं अन्य राजकीय भवनों को अधिगृहित करके गंतव्य स्थान के अनुरूप जिलावार ठहराने की व्यवस्था की जाएगी।

(III) सीमावर्ती जिले में बॉर्डर चेक पॉस्ट पर ट्रांजिट कैंप में पुलिस, पटवारी, ग्रामसेवक, परिवहन विभाग और चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

(IV) जिला प्रशासन सुनिश्चित करेंगे की आने और जाने वाली बसों का सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए सर्वोत्तम उपयोग किया जाये। इस हेतु वे मार्ग में आने वाले जिलों के कलेक्टर से उचित समन्वय बनाकर रखेंगे।

# जरूरी सामान की आपूर्ति में लगी गाड़िया टोल टैक्स से मुक्त हो

- **दूसरे राज्यों में खड़े वाहन तत्काल मुक्त कराये जायें।**
- **ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने भेजा सीएम को पत्र।**

आगरा गुड्स कैरियर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर कहा है कि ट्रांसपोर्टर भी अपनी जान की परवाह किए बिना गाड़ी और डाईवरों को आवश्यक सामग्री हेतु सामान के आदान प्रदान करने में सरकार का सहयोग कर रहे है। लॉकडाउन के कारण हमारी गाड़ियां अलग-अलग राज्य में खड़ी है जिन्हें ड्राइवर और क्लीनर छोड कर भाग आये है। इन गाड़ियों में लाखों का माल है और गाड़ियों के पार्ट्स, बैटरी, टायर आदि चोरी होने की अधिक सम्भावनाऐं है।

दीपक शर्मा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि ट्रांसपोर्टरों को अपने नये डाईवरों को वहां पर पहुंचाने के लिए पास उपलब्ध करवाये जाये। जिससे उन गाड़ियों को मंगवा कर अपने गतंतव्य तक पहुंचाया जा सके। साथ ही वह गाड़ी खाली होकर आवश्यक सामग्री हेतु समाज के कार्य में लगाई जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि जितनी भी गाड़ियां समय चल रही है वह ज्यादातर आवश्यक वस्तु, आवश्यक सामान, दवाई, खाद्य सामग्री, फल-फ्रूट एवं अन्य जरूरत के सामान लेकर आ रही है। इन गाड़ियों से टोल टैक्स ना लिया जाये। टोल टैक्स की वजह से गाड़ी मालिक को माल बडा महंगा पड़ता है और सामान महंगा होने की वजह से आम जनता महंगा सामान खरीदने को बाध्य है।

स्रोत : राजीव गुप्ता, आगरा *जनसंदेश*

**कोरोना** → यानी कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के साथ-साथ लोगों की चिंताएं भी बढ़ती जा रही है। सावधानियां मालूम हैं, लेकिन वास्तव में यह रोग है क्या?

# कोरोना
## को पहचानना

**जितनी तेज़ी से कोरोना फैल रहा है और दुनिया के सारे देश जिस तरह अपने आपको समेटकर इस संक्रमण से बचने का प्रयास कर रहें, उससे कहीं ज्यादा तेज़ी से इस रोग से जुड़ी भ्रांतियां फैल रही हैं।**



**कहीं** कहा जा रहा है कि लहसुन खाने से इस संक्रमण से बचा जा सकता है, तो कहीं सुनने में आ रहा है फ्लू की वैक्सीन कोरोना से बचा सकती है। ऐसी और भी कई भ्रांतियां हैं जिनकी हकीकत जानना आपके लिए जरूरी है।

**भ्रांति...** निमोनिया के टीके कोरोना वायरस से सुरक्षा देते हैं?

**तथ्य...** निमोनिया के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले न्यूमोकोकल और हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा के टीके कोरोना वायरस से सुरक्षा नहीं देंगे। अभी तक इस वायरस को खत्म करने के टीके कोरोना वायरस से सुरक्षा नहीं देंगे। अभी तक इस वायरस को खत्म करने के लिए कोई दवा या टीका मौजूद नहीं है।

**भ्रांति...** एंटीबायोटिक्स कोरोना को रोकने और उसके इलाज में कारगर हैं?

**तथ्य...** बिल्कुल नहीं, एंटीबायोटिक्स बैक्टीरिया के खिलाफ काम करते हैं लेकिन वायरस पर नहीं। यह रोग एक प्रकार का वायरस है इसलिए, रोकथाम या चिकित्सा के साधन के रूप में एंटीबायोटिक्स असरकारक नहीं होंगी।

**भ्रांति...** नियमित सेलाइन के साथ नाक को साफ़ करने से कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने में मदद मिलती हैं?

**तथ्य...**ऐसा कोई सबूत नहीं है। पर नियमित रूप से सेलाइन से नाक को साफ करने से मामूली वायरस से नहीं बल्कि आम सर्दी से जल्दी ठीक होने में मदद मिल सकती है।

**भ्रांति...** कोरोना वायरस पालतू जानवरों द्वारा फैलता है।

**तथ्य...** नहीं, कोरोना वायरस पालतू जानवरों से नहीं फैलता बल्कि साफ यानी हाइजीनिक होना जरूरी है। जानवरों के साथ खेलने के बाद हाथों को साबुन से जरूर धोएं। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक जानवरों के सीधे संपर्क में आने से बचें।

**भ्रांति...** ये वायरस मच्छर के काटने से भी फैल सकता है?

**तथ्य...** कोरोना वायरस एक श्वसन वायरस है। कोई संक्रमित व्यक्ति जब खांसता है या छींकता है, या लार की बूंदों के माध्यम से या नाक साफ करता है, यह उससे फैलता है। मच्छर के काटने से ये वायरस फैल रहा है ये कहना मुश्किल है।

**भ्रांति...** शरीर पर अल्कोहल या क्लोरीन के छिड़काव से वायरस मारा जा सकता है?

**तथ्य...** नहीं। आपके शरीर पर अल्कोहल या क्लोरीन का छिड़काव करने से शरीर में पहले से मौजूद वायरस नहीं फैलेंगे। ऐसे पदार्थो का छिड़काव कपड़े या श्लेष्मा झिल्ली यानी आंख, मुंह के लिए हानिकारक हो सकता है। ध्यान रहे कि अल्कोहल और क्लोरीन दोनों ही कीटाणुरहित सतहों के लिए उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन उन्हें उपयुक्त सिफारिशों के तहत उपयोग करने की आवश्यकता होती है।

**भ्रांति...** क्या गोमूत्र या गोबर कोरोना वायरस को रोक सकता है?

**तथ्य...** हालांकि कोरोना वायरस और गो प्रजातियों के बीच कोई सम्बंध नहीं है। कोरोना वायरस जानवरों और मनुष्यों दोनों को प्रभावित कर सकता है और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दोनों के मल से भी यह फैल सकता है।

**भ्रांति...** लहसुन खाने से दूर होगा कोरोना वायरस?

**तथ्य...** ये बात पूरी तरह से गलत है। लहसुन में एंटीमाइक्रोबियल गुण जरूर पाए जाते हैं लेकिन इस बात को कोई संकेत या सबूत नहीं मिले हैं जो ये साबित कर सके कि लहसुन से कोरोना वायरस का इलाज हो सकता है।

**भ्रांति...** तापमान बढ़ने पर वायरस कम हो जाएगा?

**तथ्य...** इस बात का अभी कोई सबूत नहीं है। हालांकि अधिक तापमान से वायरस का एक से दूसरे में फैलने का खतरा जरूर कम हो जाता है। पर ये कहना कि गर्मी बढ़ने से कोरोना वायरस खत्म हो जाएगा, अभी तक ऐसा कोई शोध सामने नहीं आया है।

# AVS®

SINCE 1977

District-wise
STOCKISTS/DISTRIBUTORS
Required on Simplified & Attractive Terms
Like Mutually Agreed Targets etc.
Interested Parties may Please Contact on
Mob. 9810505583 for Discussion.

O. E. TO :

TATA, Mahindra, EICHER, SWARAJ, TAFE, FORD, hmt, AMREP, Mahindra Sona, ceekay, SETCO




MAKE IN INDIA

**IATF-16949, TS-16949, ISO-9001 & ISO-14001 Certified Company**

## AVS BRAKE LININGS PVT. LTD.

209, Hemkunt Chambers, 89, Nehru Place, New Delhi-110 019
Ph.: 91-11-46585479 (Mobile) 09810505583 Fax : 91-11-26239840
E-mail : avsbrakelinings@yahoo.co.in
Website : www.avsbrakelinings.com

BSCIC ISO 14001 REGISTERED

qualityaustria SYSTEM CERTIFIED

| | |
|---|---|
| ISO 9001:2008 | No. 16522/0 |
| ISO/TS 16949:2009 | No.05225/0 |
| IATF/16949-2016 | No.05225/0 |

**कोरोना के खौफ से मानसिक सेहत पर बुरे असर से बचने के लिए विशेषज्ञो ने दी सलाह**

# लॉकडाउन में तनाव को निराशा में न बदलने दें, अपनी दिनचर्या बुरी आदत और सोच बदलें, फिर देखें-जिंदगी का नया रंग

## तनाव का असर शरीर, दिमाग और व्यवहार पर न पड़े दें

दुनिया के अधिकांश देशों में लॉकडाउन है। लोग घरों में बंद है। और सब कुछ जैसे रुका हुआ है। लोगों को अब जिंदगी धुंधली नजर आने लगी है। घर में कैद लोग अब रोज एक जैसी दिनचर्या से ऊब गए हैं। ऐसे हालात से मुकाबला करने के लिए विशेषज्ञ लोगों की जिंदगी में तीन चीजों पर जोर देने की सलाह हे रहे हैं और वह है-1. दिनचर्या, 2. बुरी आदत, 3. सोच। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर आपने इन तीनों चीजों पर काबू पा लिया तो जिंदगी का एक नया और खूबसूरत रंग नजर आएगा। दरअसल, भागती-दौड़ती जिंदगी में अचानक लगे इस ब्रेक और कोरोनावायरस के डर ने लोगों की मानसिक सेहत पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। उनमें चिंता, डर, अकेलेपन और अनिश्चितता का माहौल बन गया है। घरेलू हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे हैं। फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी की मनोवैज्ञानिक और ऑनलाइन थैरेपी प्लेटफार्म संचालित कर रही शेरी बेंटन कहती हैं कि 'हमारी दिनचर्या में जब कभी बड़ा बदलाव होता है, तब इसी तरह की समस्याएं पेश आती हैं। लोगों को परेशान करने वालीं तीन वजहें हैं। एक तो कोराना वायरस से संक्रमित होने का खतरा, दूसरा नौकरी और कारोबार को लेकर अनिश्चितता और तीसरा लॉकडाउन के कारण आया अकेलापन। इससे लोग घबरा रहे हैं।' अटलांटा की मनोवैज्ञानिक जैनब डेलवाला ने कहा-'इन स्थितियों का असर ये होता है कि तनाव बढ़ने लगता है। सामान्य तनाव तो हमारे लिए अच्छा होता है इससे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलता है, लेकिन ज्यादा तनाव, निराशा में तब्दील हो जाता है। ऐसा तब होता है जब हमें आगे कोई रास्ता नहीं दिखता। कोरोना को लेकर इतनी अनिश्चितता है कि कब तक सब ठीक होगा, पता नहीं। ऐसे में तनाव आना स्वाभाविक है। लेकिन इसका असर शरीर, दिमाग और व्यवहार पर पड़ता है। हर किसी पर इसका अलग-अलग असर होता है, इसलिए दिनचर्या, बुरी आदतों और सकारात्मक सोच से आप तनाव को दूर कर सकते हैं।'

## विशेषज्ञ बोले-बड़े बदलाव से लड़ने के यही हैं तीन मंत्र


**दिनचर्या** सबसे पहले नई दिनचर्या तय करे। इससे एक उद्देश्य मिलता है और सामान्य महसूस होता है। समय पर सोना, जागना, खाना-पीन और थोड़ी सी कसरत करें। समय को दो भाग में यानी खाने से पहले और खाने के बाद, बांट लें।

**बुरी आदत** लॉकडाउन या क्वारेंटाइन में लोग तनाव के कारण शराब, तंबाकू, सिगरेट का सेवन ज्यादा करने लगते हैं। इन बुरी आदतों को छोड़ें और अपनी भावनाएं परिवार और दोस्तों से जाहिर करें ताकि वे मदद कर सकें।

**सोच** आप भले ही परिवार के साथ घर पर रह रहे हों, फिर भी अपने लिए कुछ समय जरूर निकालें। आज जो नया सोच रहे हैं उस पर विचार करें। खुद से भी सवाल पूछें। जितना हो सके पॉजिटिव नतीजे पर पहुंचने की कोशिश करें।

# ई-पोर्टल पर आवेदन कर ली जा सकेगी राज्य से बाहर जाने और आने की अनुमति

- सर्वप्रथम Migrant Movement में अगर कोई राजस्थान में आना चाहता है। तो Inward (To Rajasthan) ऑप्सन का या अगर कोई राजस्थान से बाहर जाना चाहता है तो Outward (To Other State) ऑप्सन का चयन करे।
- Basic Information - Own Transport Available का मतलब है कि अगर नागरिक स्वयं के साधन से आना चाहता है तो Yes पर क्लिक करे और वाहन की सुचना दर्ज करें।
- Basic Information - Movement Date में वो दिनांक डाली जायेगी जिसको वो परिवहन करना चाहता है और इस में सरकार द्वारा बदलाव भी किया जा सकता है।
- Source Address का मतलब होता है कि नागरिक वर्तमान में कहां पर रह रहा है।
- Destination Address का मतलब होता है कि नागरिक कहा पर जाना है।
- अगर आप Migrant Movement में Inward (To Rajasthan) ऑप्सन का चयन करते है तो Destination Address में राजस्थान का एड्रेस आयेगा।
- अगर आप Migrant Movement में Outward (To Other State) ऑप्सन का चयन है तो Source Address में राजस्थान का एड्रेस आएगा।


AN ISO 9001:2015 CERTIFIED CO.
SOLAR®
AUTO ELECTRICAL PARTS
SOLAR
Auto Electrical Parts
FUSE BOX
A House Of Quality & Reliability...
SOLAR COMPONENTS
850, Tilak Street, Kashmere Gate, Delhi-110 006
249, Phase-1, D.S.I.D.C., Bawana Industrial Estate, Bawana, Delhi-39
Works : 1764, HSIIDC Rai Industrial Estate, Rai, Sonipat (Haryana)
Phone: 011-47095467 Cell: 09811250202, 9212620063
E-mail : solarcomponents27@gmail.com

# सावधानियां

## ही संक्रमण से बचाएंगी

**सतर्कता** डॉ. कर्नल विजय दत्ता, इंटरनल मेडिसिन एण्ड रेस्पिरेटरी मेडिसिन कोरोना वायरस से बचने के लिए डॉक्टरों द्वारा मास्क पहनने की सलाह दी जा रही है। ऐसे में लोगों की बढ़ती मांग के कारण बाज़ारों में मास्क मिलने में समस्या आ रही है। यदि आप भी मास्क की तलाश में है तो घबराइए नहीं आप इसे घर पर खुद तैयार कर सकते हैं।



**...किसी** भी साफ़ सूती कपड़े से मास्क बनाया जा सकता है। अगर कपड़ा बहुत पतला है तो उसकी तहें लगाकर परतें बनाएं। लेकिन ध्यान रखें कि परत इतनी मोटी भी न हों कि सांस लेने में परेशानी हो।

**...मास्क** बनाने के लिए कपड़े को इतना काटें कि यह आपके नाक, मुंह और उसके आसपास के हिस्से को ढक सके। इसके दोनों ओर मुलायम रिबन या डोरी बाधें, ताकि मास्क चेहरे पर आराम से फिट हो जाए।

**...एक** ही मास्क को लगातार इस्तेमाल न करें। बल्कि एक से ज्यादा मास्क बनाएं, ताकि हर एक दिन के बाद इन्हें धो सकें और दूसरा इस्तेमाल कर सकें। एक ही मास्क का लगातार इस्तेमाल करने से उसमें संक्रमण बना रहता है।

**...यदि** ऐसा कोई मास्क इस्तेमाल कर रहे हैं जो पूरी तरह से चेहरे पर फिट नहीं है तो उसे लगाने को कोई फायदा नहीं है। मास्क ऐसा हो जो नाक, मुंह पर पूरी तरह से फिट हो सके और आसपास से खुला न रहे।


**...संक्रमण** से बचने के लिए अपना तौलिया अलग रखें। इसके साथ ही घर के सभी सदस्यों के तौलियों को धोने के बाद कम से कम पांच मिनट डिटॉल के पानी में डाल रखें और फिर सुखाएं। इसके अलावा सभी सदस्य हाथ पोछने के लिए एक ही तौलिए का इस्तेमाल न करें।

**...सार्वजनिक** जगहों पर (शौचालय, पार्क आदि) हाथ धोने के बाद वहां मौजूद हैंड ड्रायर से हाथ न सुखाएं। बल्कि साफ नैपकिन या छोटे साफ तौलिए का इस्तेमाल करें। लगातार कई लोगों द्वारा हैंड ड्रायर के इस्तेमाल से संक्रमण फैलने का खतरा रहता है।

## बनाए अपना सैनिटाइज़र

**कोरोना** संक्रमण से बचने के लिए एल्कोहॉल आधारित सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने की सलाह दी जा रही है। आप घर पर सैनिटाइजर बना सकते हैं। एलोवेरा जैल का एक भाग और आइसोप्रोपिल एल्कोहॉल का तीन भाग मिलाएं। खुशबू के लिए इसमें कुछ बूंदे टी ट्री तेल की मिलाएं । इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालकर हिलाएं। सैनिटाइजर तैयार है। एक बोल में एक कप आइसोप्रोपिल एल्कोहॉल, एक बड़ा चम्मच हाइड्रोजन पेरोक्साइड, एक छोटा चम्मच ग्लिसरीन और 1/4 डिस्टिल वॉटर मिलाएं। इसे स्प्रे बोतल में भरें।

**हाथ रखें साफ : करीब 20 सेकंड तक अपने हाथों को साबुन या हैंडवॉश से धोएं। इससे संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशों को नीचे दी गई तस्वीरों से समझें और पालन करें।**




Milcy®
GENUINE SPARES PARTS
Manufacturer of
Oil Seals
BPW Oil Seals
Censor Plate
Automobile Filters
Rubber Parts
U.J. Crosses
C.B.Rubber
Engine Mountings
"O" Rings etc.
AMTEC® SHIELD
GREASE
COMING SOON!
Milcy OIL SEALS
Exporter, Dealer & Distributor Enquiries are Welcome
BMI
BRIGHT MOTOR INDUSTRIES
(AN ISO 9001:2008 Certified Company)
M-9, Street No. 1, Industrial Area, Anand Parbat, New Delhi 110 005
Mobile: +91-9810209168, 8076242722
E-mail: info@brightmotorindia.com, bmimilcy@yahoo.com
Website : www.brightmotorindia.com

# कोरोनावायरस के कारण बदल गया है स्मार्टफोन की सफाई का तरीका

कोरोनावायरस ने पूरी दुनिया को हिला रखा है, टेक्नोलॉजी भी इससे अछूती नहीं है। अपने प्रोडक्ट के प्रति अतिसंवेदनशील रहने वाली कंपनियों को भी कोरोना वायरस के आगे झुकना पड़ा है और स्मार्टफोन, टैबलेट, पीसी वगैरह को साफ करने के नए और सख्त तरीके बताने पर मजबूर होना पड़ा है। एपल, सैमसंग सहित तमाम कंपनियों ने डिवाइस को वायरस-फ्री रखने के तरीके बताए हैं। आप भी इन्हें जानिए...



**1.** टॉयलेट सीट से भी गंदा होता है स्मार्टफोन...इस बात को मानते हुए कंपनियां कर रही हैं कि दिन में कम से कम दो बार अपने फोन को साफ करें। फोन के हर इस्तेमाल के बाद हाथ धोएं या सैनेटाइज करें। फोन को छूने के बाद हाथ को चेहरे से दूर रखें।

**2.** एपल का हमेशा से यह कहना होता था कि उनके प्रोडक्ट्स को साफ करते वक्त मुलायम और हल्के गीले माइक्रोफाइबर कपड़े का इस्तेमाल करें। अब कंपनी ने कहा है कि 70 प्रतिशत आईसोप्रोपाइल अल्कोहल वाइप्स या क्लोरोक्स डिसइनफेक्टिंग वाइप्स से प्रोडक्ट की सख्त सतह पर सफाई करें। खोखली जगह पर इसके इस्तेमाल से बचें। ब्लीच का इस्तेमाल नहीं करें। खुली जगह पर नमी का प्रवेश कतई ना होने दें। फैब्रिक और लेदर की सतह पर वाइप्स का इस्तेमाल नहीं करें।

**3.** कंपनियों ने यह भी कहा है कि प्रोडक्ट पर स्प्रे क्लीनर्स का सीधा इस्तेमाल नहीं करें। सफाई शुरू करने से पहले डिवाइस के सारे प्लग्स और केबल्स को हटा लें। सफाई के लिए लिन्ट फ्री, मुलायम कपड़े का इस्तेमाल करें और टॉवेल्स, पेपर टॉवेल्स जैसी चीजों से बचें।

**4.** अगर आपको डर है कि स्क्रीन खराब ना हो जाए तो एक सस्ता स्क्रीन प्रोटेक्टर खरीदकर, इस पर सख्त क्लीनिंग सॉल्यूशन इस्तेमाल कर सकते हैं। वह इसलिए कि स्क्रीन प्रोटेक्टर को तो बाद में कभी भी बदला जा सकता है।

## इन बातों का भी हो ध्यान

- ये सुझाव कंपनियों ने हमेशा के लिए नहीं दिए हैं, कोरोना से बचाव जब तक करना है तभी तक इन तरीकों से अपने स्मार्टफोन की सफाई करें, अन्यथ यूजर मैनुअल के अनुसार सफाई करें।
- अगर आप फोन पर ज्यादा बात करने के आदी हैं तो हेडफोन्स का इस्तेमाल शुरू कर सकते हैं, इससे आप डिवाइस को चेहरे के पास ले जाने से रोक पाएंगे।
- सफाई शुरू करने से पहले फोन को बंद कर दें। पुराने फोन जो वॉटर रेसिस्टेंट नहीं हैं उन्हें गीले कपड़े से पोंछने से बचें।



# SHELBRO®

STEERING & SUSPENSION PARTS



Distributor Enquiry Solicited For Unrepresented Areas



Manufactured by:

## SUSHILA UDYOG

C-61, Sector B-3, Tronica City, Loni - 201102 (Ghaziabad)
Mobile.: +91-9953550706, Email : sushila_industries@yahoo.in

Authorised Distributor For Northern India

## BRITISH MOTOR CAR CO. (1934) LT

Regd. Office : Pratap Building, Connaught Circus, New Delhi - 110001
Phone : 011-23310444 Mobile : 09811862019 Email : bmc_rkapoor@yahoo.com

# क्या है कोरोना वायरस?

**वायरस का नाम 'कोरोना' है और इससे होने वाला संक्रमण रोग 'COVID-19' है।**

'COVID' मतलब 'कोरोना वायरस डिसीज़' है और '19' इसलिए क्योंकि इसका पहला मामला '2019' में सामने आया। दरअसल कोरोना सिर्फ एक वायरस नहीं बल्कि वायरस का समूह है। वायरस और उसके कारण फैलने वाले रोग अलग-अलग होते हैं जैसे- एड्स रोग फैलाने वाले वायरस का नाम 'एचआईवी' है।

## • हर ज़ुकाम कोरोना का लक्षण नहीं

बुखार, गले में दर्द या ज़ुकाम है, तो ये जरूरी नहीं कि यह कोरोना संक्रमण ही है। ये मौसमी ज़ुकाम या फ्लू भी हो सकता है। कोरोना के लक्षण लगभग आम सर्दी-ज़ुकाम जैसे ही हैं लेकिन इनके बीच अंतर भी है। यह आपको भी समझना है।

### • कोरोना वायरस

ये अचानक होने वाला संक्रमण है। बुखार, सूखी खांसी, मांसपेशियों में दर्द और थकान इसके मुख्य लक्षण है। इसमें संक्रमित व्यक्ति को सांस लेने में भी दिक्कत होती है।

**लक्षणों का पता चलना...**

इसके लक्षणों का पता 5 से 7 दिनों में चलता है।

**इलाज...**

इसके लिए कोई वैक्सीन या एंटीबायोटिक दवा नहीं है।

### • मौसमी फ्लू

मौसम बदलने के साथ ये फ्लू होता है। इसमें भी बुखार, सूखी खांसी, मांसपेशियों में दर्द और थकान बनी रहती है। इसमें गले में खराश रहती है और नाक बहती है। इसके कुछ आम लक्षणों में दस्त और उल्टी शामिल है।

**लक्षणों का पता चलना...**

इसका पता 1 से 4 दिन में लग जाता है और 1 हफ्ते के अंदर ठीक भी हो जाता है।

**इलाज...**

मौसमी फ्लू की वैक्सीन भी उपलब्ध है।

### • साधारण सर्दी और खांसी

धीरे-धीरे सर्दी-ज़ुकाम शुरू होता है। इसमें नाक बहती है, नाक भरी रहती है आ र खांसी भी आती है। कई बार बुखार भी आ जाता है। शरीर में दर्द, सिरदर्द और थकान भी होती है।

**लक्षणों का पता चलना...**

इसका पता 1-2 दिन में लग जाता है। इसे ठीक होने में ज्यादा से ज्यादा 5-8 दिन का समय लगता है।

**इलाज...**

मौसमी सर्दी-खांसी दवाओं से ये ठीक हो जाती है।

हालांकि किसी भी तरह की खांसी हो, ज़ुकाम या बुखार, डॉक्टर से जांच जरूर कराएं।




**सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाने की हिदायत देने के पीछे वजह है कि अगर** कोई संक्रमित व्यक्ति वहां हो और उसने मास्क नहीं पहना हो, तो उसके छींकने या खांसने की वजह से उड़े थूक के छींटो में छूपा वायरस कुर्सी के हैंडल, रेलिंग, लिफ्ट के बटन यानी उन स्थानों पर हो सकता है, जिसे वहां मौजूद अन्य व्यक्ति भी छुएंगे ही। थूक में वायरस देर तक जिंदा रहेगा।

**विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना वायरस की सक्रियता तापमान पर निर्भर करती है।**

इस वक्त हमारे देश में औसत तापमान 30 डिग्री है। जहां तापमान अधिक होगा वहां वायरस लगभग 2-3 घंटे तक सक्रिय रह सकता है। वहीं कम तापमान में लगभग 12 घंटे तक सक्रिय रह सकता है। चूंकि वायरस की सक्रियता का समय बहुत अधिक है ऐसे में हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इस संक्रमण को फैलने में ज्यादा समय नहीं लगता।

**जब किसी सार्वजनिक स्थान पर जाएं, तो मास्क लगाकर ही जाएं।**

इससे आप बार-बार मुंह-नाक को हाथ लगाने से बचेंगे और अगर वहां किसी सतह या वस्तु पर वायरस हुआ तो उससे भी।

## • बढ़ाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता...

कोरोनावायरस से बचाव ही इसका इलाज है। ऐसे में साफ-सफाई का ध्यान रखने के अलावा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी भी जरूरी है। कुछ आयुर्वेदिक उपचार अपनाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं। इस दृष्टिकोण से आयुर्वेदिक काढ़ा बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। इसे आसानी से घर पर बना सकते हैं।

### • ऐसे बनाएं काढ़ा

एक गिलास पानी में 2 से 4 ग्राम गिलोय, तुलसी की 3-4 पत्तियां, 1-2 काली मिर्च, लौंग व इलायची और 1-2 ग्राम अदरक डालें और तेज आंच पर उबालें। अच्छी तरह से उबालने के बाद इसे आंच से उतारें और गुनगुना होने तक ठंडा करें। ये काढ़ा चाय की तरह धीरे-धीरे पीएं। इससे सर्दी और खांसी तो दूर होगी ही, साथ ही गले की खराश में भी फायदा होगा। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएगा और कई तरह के संक्रमण से भी बचाएगा।

# कोरोना वायरस

## लक्षण नजर आने से पहले ही फैल चुका होता है

नॉवेल कोरोना वायरस का अध्ययन कर रहे अनुसंधानकर्ताओं को पता चला है कि व्यक्ति से व्यक्ति में संक्रमण फैलने में एक हफ्ते से कम का वक्त लगता है। करीब 10 प्रतिशत मरीजों में यह संक्रमण वायरस से प्रभावित ऐसे व्यक्ति से फैलता है जिसमें अब तक लक्षण नजर आने शुरू भी नहीं हुए हैं। यह ऐसी खोज जो इस महामारी को रोक पाने में जन स्वास्थ्य अधिकारियों की मदद कर सकती है। इस अध्ययन में वायरस से संक्रमित दो लोगों, वह व्यक्ति जो दूसरे को संक्रमित करता है और दूसरा संक्रमित होने वाले अन्य व्यक्ति में लक्षण नजर आने में लगने वाले समय को मापा कर कोरोना वायरस के सिलसिलेवार अंतराल का अनुमान लगाया गया है। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सस समेत अन्य विश्वविद्यालयों के अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक चीन में कोरोना वायरस संक्रमण के एक व्यक्ति से दूसरे में फैलने के बीच में औसतन चार दिन का समय लगा था। उनका कहना है कि महामारी फैलने की गति दो बातों पर निर्भर करती है। एक व्यक्ति अन्य कितने लोगों को संक्रमित करता है और दूसरा अन्य सभी व्यक्तियों में



इसे फैलने में कितना वक्त लगता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पहली स्थिति को प्रतिकृति संख्या और दूसरी को सिलसिलेवार अंतराल कहा जाता है। कोरोना वायरस के कारण होने वाली बीमारी कोविड 19 का सिलसिलेवार अंतराल कम होने की वजह से प्रकोप तेजी से बढ़ेगा और इसे रोकना मुश्किल होगा। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सस से सह-अनुसंधानकर्ता लॉरेन एंसेल मेयर्स ने कहा कि इबोला का सिलसिलेवार अंतराल कई हफ्ते था जिसे कुछ दिनों के अंतराल वाले इंफ्लुएंजा से रोकना ज्यादा आसान है। मेयर्स ने कहा कि डेटा से पता चलता है कि कोरोना वायरस फ्लू की तरह फैल सकता है और इसका मतलब है कि उभरते खतरे से निपटने के लिए हमें ज्यादा तेजी एवं आक्रामकता से बढ़ना होगा। यह अध्ययन इमर्जिंग इंफेक्शन डिजीसेस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।






**लॉकडाउन के नियमों में अगर थोड़ी शिथिलता दी गई तो सम्भवतः कुछ लोग कार्यालय या दुकान आदि पर जा सकेंगे।**

**ऐसे में सोशल डिस्टेंसिंग की सावधानी के अतिरिक्त चंद जरूरी वस्तुएं साथ रखना अनिवार्य होगा। इन्हें याद रखने के मजेदार तरीकों में कोरोना की सावधानियों को भी जोड़ लीजिए।**

# पपाचचारू और साथ में सैमापारू

काफी समय पूर्व एक वरिष्ठजन से जानकारी ली कि वे किसी जरूरी वस्तु का कैसे स्मरण रखते है, कैसे याद रखते हैं कि घर से बाहर जाते समय क्या-क्या साथ रखना है? उन्होंने बताया कि 'पपाचचारू' उनकी मदद करता है। यह संक्षिप्ताक्षर बना है कुछ वस्तुओं के प्रथम अक्षरों से, जिन्हें लेकर ही बाहर जाना चाहिए-

**प:** पर्स/ **पा:** पास (रेलवे/बस इत्यादि)/ **च:** चश्मा / **चा:** चाबी / **रू:** रूमाल।

कितना सरल है जांचना कि 'पपाचचारू' रख लिया क्या?

अब कोबिड-19 के दौर में 'सैमापरू' भी इसके साथ जोड़ लीजिए।

**सै:** सैनेटाजर / **मा:** मास्क / **पा:** पानी / **रू:** रूमाल।

हालांकि, एक रूमाल रखने की याद पहले ही दिलाई जा चुकी है, लेकिन इस समय दो साफ रूमाल साथ रखना बेहतर है। अगर आप कहीं भी भोजन करते हैं, तो साथ में अपना रूमाल होना जरूरी है।

कोरोना ने जिंदगी को किस हद तक बदल दिया है या बदलने लगा है, इसका अंदाजा सबको होने लगा है। अब मोबाइल सुविधा ही नहीं, बहुत महत्वपूर्ण साधन के तौर पर काम आने वाला है।

लेखक के अनुभवों से एक-एक करके इस साधन की सहायता पर ध्यान दीजिए।

## • मोबाइल बैंकिंग के लाभ....

वर्तमान में मेरे पड़ोसी वरिष्ठजन ने अपने फोन में बैलेंस खत्म होने की बात मुझे बताई। चूंकि लॉकडाउन के कारण सभी दुकानें बन्द थीं, इसलिए वे परेशान थे। मैंने एक एप की मदद से उनका फोन रिचार्ज कर दिया।

मोबाइल बैंकिंग बहुत ही आसान तरीका है किसी भी प्रकार के भुगतान का। इससे पैसों का ट्रांसफर, बिजली/टेलीफान बिल, केबल रिचार्ज आदि आसानी से किए जा सकते हैं। यदि मोबाइल बैंकिंग न ले पाएं तब कोई भी सुरक्षित यूपीआई (पेमेंट एप्स) जैसे भीम-एसबीआई, पेटीएम डाउनलोड कर उसे अपने बैंक खाते/एटीएम से लिंग कर भुगतान के लिए उपयोग कर सकते हैं।



साथ ही आरोग्य सेतु एप अनिवार्य रूप से डाउनलोड कर लें। यह संक्रमण से बचाव में मदद करेगा। जानकारों का कहना है कि निकट भविष्य में रेलवे/हवाई यात्रा के दौरान यह एप ई-पास का काम भी कर सकता है।

## • बैलेंस पर जरूर ध्यान दें...

मोबाइल बैलेंस, इंटरनेट रिचार्ज के साथ-साथ केबल रिचार्ज और अन्य आवश्यक एप्स भी जांच लेना जरूरी है। कुछ प्री-पेड मोबाइल यूजर्स 28 या कम दिनों के लिए रिचार्ज करवाते हैं।

लॉकडाउन में उनमें से जिनके पास नेट बैंकिंग की सुविधा या पेमेंट एप्स से भुगतान का विकल्प नहीं था, उन्हें इस दौरान अत्यधिक समय के लिए रिचार्ज करवाना अथवा पोस्ट पेड कनेक्शन लेना अधिक सुविधाजनक व लाभप्रद हो सकता है।




## ये जरूर हों साथ आपके

इस दौर में दफ्तर या दुकान जाने वालों के लिए एक छोटा बैग साथ में रखना उचित होगा। इसमें मास्क (एक अतिरिक्त और रख सकें तो बेहतर) होना ही चाहिए। अनुभवी लोगों का कहना है कि एक बड़ा सूती या मलमल का रूमाल भी इस कार्य हेतु उपयोगी सिद्ध हो सकता है। छोटा रूमाल साधारण आवश्यकताओं के लिए तथा बड़ा रूमाल तीन परत करके मुंह/नाक बांधने के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यधिक उपयोगी है। वर्तमान समय में यह कानूनी आवश्यकता भी है। एक अतिरिक्त साफ बड़ा रूमाल रख लेना स्वच्छता की दृष्टि से भी उचित होगा। आपकी अपनी चेक लिस्ट इससे बेहतर हो सकती है। परिस्थिति के अनुसार वाइप्स और सैनेटाजर साथ में रखना भी अब आवश्यक हो चला है।






# कोरोना वायरस बनाम विश्व अर्थव्यवस्था





**कोरोना** वायरस ही महामारी की शुरूआत के समय संभवत: आर्थिक विशेषज्ञों व इतिहासकारों ने भी यह आंकलन नहीं किया था कि वर्ष 2020 के दौरान विश्व की अर्थव्यवस्था को इससे कितना नुकसान हो सकता है। विश्व से वैश्विककरण तेजी से अपने पांव पसार रहा था लेकिन कोरोना वायरस की शुरूआत के साथ वैश्विकरण की धार कमजोर पड़ गई। उत्पादन ठप्प हो गया, निर्यात के ताले लग गये तथा आयात करने वाले देश की भी स्तब्ध हो गये थे। सब कुछ ठहराव की दिशा में देखने को मिला स्वतंत्र व्यापार की अवधारणा सहसा कमजोर पड़ती दिखाई दी। विश्व स्तर पर वैश्विककरण ने जिस तेजी के साथ अपने पांव फैलाये थे ठीक इसके विपरीत सब कुछ रुक गया, आवागमन,



पर्यटन, आयात-निर्यात, उत्पादन सब पर अंकुश लग गया है। गत कुछ वर्षों के दौरान विश्व व्यापार की गतिशीलता तो कमजोर हो गई थी। चीन पर अमेरिकी प्रतिबंधों व व्यापार युद्ध के चलते विश्व व्यापार में कमजोरी आ गई थी तथा अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने चीन छोड़ने का भी निर्णय ले लिया था लेकिन यह तात्कालिक हालात है। वैश्विक व्यापार का ढांचा आज भी कायम है इस पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है। वुहान से फैले कोरोना वायरस से क्या विश्व व्यापार व वैश्विकरण प्रभावित होगा इस संबंध में तो अधिकांश विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि इसका प्रभाव वैश्विककरण पर तो नहीं पड़ेगा। हालांकि विश्व व्यापार कुछ समय के लिए अवश्य ही प्रभावित होगा। इस वायरस का मानव जाति पर कितना प्रभाव होगा फिलहाल कुछ कह पाना कठिन अवश्य है। यह वायरस भी वर्ष 2009 के स्वाईन फ्लू कुछ हजार लोगों को मृत्यु की गोद में धकेल सकता है। कुछ लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं। मानव संसाधन तब तक कोई टीका अवश्य ही तैयार कर लेगा जिसके लिए फिलहाल परीक्षण चीन, अमेरिका व यूरोप में तेजी से किये जा रहे हैं। समय पर विश्व स्तर पर उपाय किये गये हैं। यातायात, पर्यटन रोक दिया गया है। भारत सहित अनेक देशों ने नागरिकों के एक देश से दूसरे देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है तथा स्थानीय स्तर पर इसे फैलने से रोकने के लिए भी पर्याप्त सावधानी व उपाय किये गये हैं। सभा, समारोह, खेलकूद, सिनेमा पर रोक लगा दी गई है। व्यावसायिक माल में भी भीड़ न जुटे और वायरस का प्रसार न हो इसके लिए व्यवसायिक मॉल बंद कर दिये गये हैं। स्थानीय ट्रेन में साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है तथा विदेश से आने वाले नागरिकों की स्वास्थ्य स्क्रिनिंग की जा रही है। कोरोना वायरस का सर्वाधिक दीर्घकालिक प्रभाव तो विश्व अर्थव्यवस्था पर ही देखने को मिल सकता है क्योंकि अब तक विश्व अर्थव्यवस्था अनेक क्षेत्रों में चीन की औद्योगिक फैक्ट्री पर निर्भर हो गई है और उसके विकल्प हेतु समय लग सकता है। इलेक्ट्रोनिक उपकरण, स्टील, एल्युमीनियम, कॉपर, जिंक, टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल उपकरण ऐसे क्षेत्र है जिसमें चीन ने विश्व स्तर पर अपनी हिस्सेदारी को 25-40 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। कोरोना वायरस का चीन की अर्थव्यवस्था पर सीधा

( शेष पृष्ठ 45 पर )



# 3 दिन में आएगा आरोग्य इंबेडेड रिस्ट बैंड, बॉडी टेंपरेचर, मूवमेंट की ट्रैकिंग-मॉनीटरिंग करेगा

पटना। कोरोना संकट के बीच एक राहत देने वाली खबर आई है। कोरोना वायरस से लड़ने और बचने का एक और हथियार 'अरोग्य इंबेडेड रिस्ट बैंड' 3 दिन में बनकर तैयार हो जाएगा। यह स्मार्ट वॉच जैसा ही होगा। इसे कोरोना संक्रमित और क्वारेंटाइन किए गए लोगों की कलाई में बांधा जा सकेगा। इससे उनके बॉडी टेंपरेचर, बीमारी के लक्षण आदि का पता चलता रहेगा। साथ ही उनकी मूवमेंट की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग होगी। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री रविशंर प्रसाद ने दी।

यह आरोग्य सेतु एप से भी कनेक्ट रहेगा। इसके जरिए स्वास्थ्य विभाग के लिए मरीजों की निगरानी आसान होगी। इसकी कीमत करीब 2 हजार रुपये हो सकती है। अभी चीन समेत कई देशों में ऐसे डिवाइस इस्तेमाल किए जा रहे हैं।




## कोरोना वायरस .....

( पृष्ठ 44 का शेष )

**कोरोना** वायरस ही महामारी की शुरूआत के समय संभवत: आर्थिक विशेषज्ञों व इतिहासकारों ने भी यह आंकलन नहीं किया था कि वर्ष 2020 के दौरान विश्व की अर्थव्यवस्था को इससे कितना नुकसान हो सकता है। विश्व से वैश्विककरण तेजी से अपने पांव पसार रहा था लेकिन कोरोना वायरस की शुरूआत के साथ वैश्विकरण की धार कमजोर पड़ गई। उत्पादन ठप्प हो गया, निर्यात के ताले लग गये तथा आयात करने वाले देश की भी स्तब्ध हो गये थे। सब कुछ ठहराव की दिशा में देखने को मिला स्वतंत्र व्यापार की अवधारणा सहसा कमजोर पड़ती दिखाई दी। विश्व स्तर पर वैश्विककरण ने जिस तेजी के साथ अपने पांव फैलाये थे ठीक इसके विपरीत सब कुछ रुक गया, आवागमन, पर्यटन, आयात-निर्यात, उत्पादन सब पर अंकुश लग गया है। गत कुछ वर्षों के दौरान विश्व व्यापार की गतिशीलता तो कमजोर हो गई थी। चीन पर अमेरिकी प्रतिबंधों व व्यापार युद्ध के चलते विश्व व्यापार में कमजोरी आ गई थी तथा अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने चीन छोड़ने का भी निर्णय ले लिया था लेकिन यह तात्कालिक हालात है। वैश्विक व्यापार का ढांचा आज भी कायम है इस पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है। वुहान से फैले कोरोना वायरस से क्या विश्व व्यापार व वैश्विकरण प्रभावित होगा इस संबंध में तो अधिकांश विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि इसका प्रभाव वैश्विककरण पर तो नहीं पड़ेगा। हालांकि विश्व व्यापार कुछ समय के लिए अवश्य ही प्रभावित होगा। इस वायरस का मानव जाति पर कितना प्रभाव होगा फिलहाल कुछ कह पाना कठिन अवश्य है। यह वायरस भी वर्ष 2009 के स्वाईन फ्लू कुछ हजार लोगों को मृत्यु की गोद में धकेल सकता है। कुछ लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं। मानव संसाधन तब तक कोई टीका अवश्य ही तैयार कर लेगा जिसके लिए फिलहाल परीक्षण चीन, अमेरिका व यूरोप में तेजी से किये जा रहे हैं। समय पर विश्व स्तर पर उपाय किये गये हैं। यातायात, पर्यटन रोक दिया गया है। भारत सहित अनेक देशों ने नागरिकों के एक देश से दूसरे देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है तथा स्थानीय स्तर पर इसे फैलने से रोकने के लिए भी पर्याप्त सावधानी व उपाय किये गये हैं। सभा, समारोह, खेलकूद, सिनेमा पर रोक लगा दी गई है। व्यावसायिक माल में भी भीड़ न जुटे और वायरस का प्रसार न हो इसके लिए व्यवसायिक मॉल बंद कर दिये गये हैं। स्थानीय ट्रेन में साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है तथा विदेश से आने वाले नागरिकों की स्वास्थ्य स्क्रिनिंग की जा रही है। कोरोना वायरस का सर्वाधिक दीर्घकालिक प्रभाव तो विश्व अर्थव्यवस्था पर ही देखने को मिल सकता है क्योंकि अब तक विश्व अर्थव्यवस्था अनेक क्षेत्रों में चीन की औद्योगिक फैक्ट्री पर निर्भर हो गई है और उसके विकल्प हेतु समय लग सकता है। इलेक्ट्रोनिक उपकरण, स्टील, एल्युमीनियम, कॉपर, जिंक, टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल उपकरण ऐसे क्षेत्र है जिसमें चीन ने विश्व स्तर पर अपनी हिस्सेदारी को 25-40 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। कोरोना वायरस का चीन की अर्थव्यवस्था पर सीधा असर साफ नजर आ रहा है। चीन के सांख्यिकी अधिकारियों की रिपोर्ट व नासा द्वारा उपलब्ध किये गये चित्रों से तो स्पष्ट हो जाता है कि चीन के मुख्य औद्योगिक क्षेत्र व यात्रियों के केन्द्रों पर नाईट्रोजन ऑक्साईड में व्यापक कमी दर्ज की गई है और चीन में अब तक तीन हजार से अधिक लोग मृत्यु के शिकार हो गये हैं। 80000 से अधिक संक्रमित है इसके साथ ही इटली, ईरान, अमेरिका में भी इसका प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। दस सप्ताह की यह अवधि उत्पादन में व्यापक गिरावट का कारण बन गई है। अधिकांश चीनी कंपनियों फैक्ट्रियों का उत्पादन रूक गया है। यह उत्पादन तो चीनी नव वर्ष 25 जनवरी से पूर्व ही रूक गया था। अंतिम निर्यात समुद्री मार्गों से किया गया जो अब तक अधिकांश देशों तक पहुंच गया है। उसके पश्चात समुद्री निर्यात ठप्प है और विश्व के अधिकांश औद्योगिक देशों को अब अपने कारखाने के परिचालन हेतु वैकल्पिक स्त्रोतों की तलाश है,






## कोरोना वायरस से कोई भी संक्रमित हो सकता है। इससे खुद को कैसे सुरक्षित रखना है, इसका ध्यान रखिए।

# सतर्कता से ही सुरक्षा है...



**उम्र बढ़ने के साथ-साथ दमा, ब्रॉन्काइटिस जैसी श्वास संबंधी परेशानियां होने लगती हैं जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। हृदय संबंधी दिक्कतें भी होती हैं।** रोगी शरीर में संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है। इसके अलावा बच्चों को भी इस संक्रमण का खतरा है। कोरोना उनके लिए भी खतरनाक है जो मधुमेह से पीड़ित हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रहने के लिए आप क्या-क्या कर सकते हैं, आइए जानते हैं।

### • रक्त जांच

कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर संदिग्ध मरीज़ के रक्त के नमूनों की सीपीआर (पॉलिमर्स चेन रिएक्शन) से जांच की जाती है जिससे संक्रमण होने या न होने का पता चलता है। यदि आपको संक्रमण के लक्षण नजर आते हैं या महसूस होते हैं तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं।

### • सेहत के लिए आहार

उम्रदराज़ लोगों के साथ-साथ युवा व मध्यवश के लोगों की भी रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। ऐसे लोगों को भी कोरोना संक्रमण से खतरा है। रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-सी युक्त, फलों का सेवन करें। हालांकि विटामिन-सी से संक्रमण से बचा जा सकता है, इसका कोई प्रमाण नहीं है। पर इसके सेवन से शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है।

### साफ़-सफ़ाई जरूरी है

- शरीर और अपने आस-पास साफ-सफाई का ध्यान रखें।
- रिमोट, मोबाइल आदि वे सारे उपकरण जिनका नियमित इस्तेमाल होता हो, उनको रोज़ साफ करें।
- **सार्वजनिक स्थान पर सीढ़ियों की रेलिंग, दरवाजे की कुंडी, लिफ्ट के बटन आदि छूने के लिए टिशू का इस्तेमाल करें या लिफ्ट से बाहर आकर सैनिटाइज़र से हाथ साफ करें।** इसके अलावा दस्ताने पहनकर भी बाहर जा सकते हैं। संक्रमण से बचने के लिए आंख, नाक और मुंह को गंदे हाथों को थोड़ी-थोड़ी देर में धोते रहें।
- बच्चों को साफ-सफाई के बारे में समझाएं। उन्हें हाथ धोते रहने व चेहरे नाक-मुंह को बार-बार छूने से रोकें।

### • नवजात शिशु की सुरक्षा

घर में नवजात शिशु है तो उसके कपड़े और बिस्तर साफ रखें। शिशु को छूने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धोएं। दूध की बोतल साफ रखें और साफ हाथों से ही बोतल छुएं। शिशु को भीड़ में ले जाने से बचें। किसी बाहरी व्यक्ति से संपर्क में न आने दें। नियमित टीकाकरण से भी शिशु को सुरक्षित रखा जा सकता है। हाथों में दस्ताने भी पहना सकते हैं।

### • मधुमेह है तो...

अगर मधुमेह है तो अपनी रक्तशर्करा की जांच करते रहें व खान-पान पर नियंत्रण रखें। इसके अलावा पौष्टिक आहार लें। आहार में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, खनिज और विटामिन अवश्य लें। रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए रोजाना व्यायाम करें। भीड़ में बाहर निकलने से परहेज करें और अपनी दवाएं नियमित रूप से लेते रहे हैं। किसी के साथ अपना तौलिया, चश्मा, खाना आदि साझा न करें।

### ये भी ध्यान में रखें

- अगर आपको सामान्य जुकाम या खांसी है, तो नाक और मुंह को मास्क से ढककर रखें।
- सामान्यत: छींकते समय मुंह को ढके।
- बिना हाथ धोए अपनी आंखों, नाक और मुंह न छुएं।
- जब हाथ गंदे दिखें तो उन्हें साबुन व बहते पानी से धोएं।
- नैपकिन व टिशू को इस्तेमाल करने के बाद फेंक दें, दोबारा इस्तेमाल न करें। टिशू नहीं है तो खांसते या छींकते वक्त अपने बाजू का इस्तेमाल करें।


ISO CERTIFIED: 9001:2015

**R.C. MOTORS, JAIPUR**

BRINGS: AMBETOL

DISINFECTANT / SANITIZER

FOR FIGHT AGAINST CORONA VIRUS

As per the guidelines Ministry of Health and Family Welfare, Govt. of India - Sodium Hypochlorite solution is required to effectively clean outdoor, indoor, office & public places during & post COVID-19 Pandemic.



| PRODUCT | DOSE Recommended |
|---|---|
| Sodium Hypochlorite 10% solution<br>Available in 5 kg/ 20 kg/ 50 kg/ 200 kg Barrels | ▪ For humans 1 kg AMBETOL in 500ltr water<br>▪ For open space 10kg AMBETOL in 200ltr water |
| Sodium Hypochlorite 5% solution<br>Available in 5 kg/ 20 kg/ 50 kg/ 200 kg Barrels | ▪ For humans 1 kg AMBETOL in 250ltr water<br>▪ For open space 10kg AMBETOL in 100ltr water |

Use with sprayer, mist fan, tunnel, wiping or a mop

NOW DISINFECT:

- ✓ **All Public Places** like Hospitals, Malls, Restaurants, Railways, Airports, Roads, Workshops etc.
- ✓ **Factories & Offices,** Construction sites, Shops, Schools etc.
- ✓ **Common Areas** like Gardens, Swimming pools, Clubs, Toilets etc.
- ✓ **High contact surfaces** Telephone, Handrails, Office machines etc.
- ✓ **All indoor areas** – Railings, Entrances, Doors etc.
- ✓ **Residential areas,** Buildings, Societies, Housing complex etc.

For Enquiry - Whatsapp/Call

**Naresh Singhal:** +91-8005771738 / +91-8005833866

Email at: orders.rcmotors@gmail.com

**Available in quantity of 5KGs & Above.**

Online Enquiry: Click Here

**ACI**

Quality is Our Motto

Mfrs. & Suppliers of :
Centre Bolt, Spring Pin,
Bell Crank Pin, Eye Bolt,
Taper Washer, Bell Crank Washer,
Kamani Washer, Foundation Washer



ACI An ISO 9001:2008 Certified Co.

CENTRE BOLT WITH NUT

**Auto Craft (India)**

For Enquiry Contact Person :
Sharanjit Singh-09417776585

8285/1, Street No. 5, Gurpal Nagar, ATI Road, LUDHIANA - 141003 (Punjab)
Mobile : 09417776585, 09530500158 Email : aci_ldh@yahoo.co.in

AMRIT™
Amrit Auto Ancillaries And Company

GENUINE OE QUALITY SPARE PARTS

Drive Smart
Your Companion For Safe Ride

POODAR GROUP






PRODUCTS
BELL CRANK BUSH
SPRING BUSH
KING PIN BUSH
KING PIN BEARING
TRAILER BUSH & PIN
GEAR SLIDER PAD
& Other Various BUSHES
BELL CRANK PIN
SPRING PIN
CENTER BOLTS
'U' BOLTS

DURABLE
RELIABLE
QUALITY GUARANTEED

Coming Soon! Brake Linings & Grease

An ISO 9001 : 2008 Certified Co.

JAS-ANZ
IAF
DUV CERTIFICATION PVT. LTD.

Complete Range of :
TATA ASHOK LEYLAND Mahindra EICHER AMW JCB

Required Marketing Persons/Area Managers

MAKE IN INDIA

Manufactured & Marketed By
AMRIT AUTO ANCILLARIES AND COMPANY
(A Unit of Poddar Group of Companies)
203, First Floor, 45-A, Amar Plaza, I. P. Extension, Hasanpur, Delhi-110 092
E-mail : info@amritauto.co.in Website : www.amritauto.co.in
Tel. No. : 011-45627362, 40396667
Mobile : 9311210123, 9958110123

Area wise Distributor/Dealers Required for Unrepresented Areas

# KESAR GULAB™
## Auto Components

***With German Technology Kluber Lubrication***

**CRUISER | TOOFAN | JUDO | GAMA | TATA-ACE | MAGIC | TOWN & COUNTRY**

FOR BEST PERFORMANCE






**Tie Rod Ends | U.J. Cross | Wheel Joint | King Pin Kit**

**Areawise Distributor Enquires are Solicited**

Manufactured By

## Perfomax Technologies

Block No. 600, Survey No. 37/1, Tejash Warehousing, Kondhwa Pisoli Road, Pune-411 060

Sole Distributor : CHANDNA TRADING COMPANY, Delhi

Contact Mr. Mukesh Chandna # 9311850840 Email : cts.chandna@gmail.com